सोमवार
11 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बिहार का जब तक विकास नहीं, तब तक समझौता नहीं करेंगे: चिराग 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

### प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से 34,700 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था अब विकास की दिशा भी तय कर रहा: मोदी

- प्रधानमंत्री ने यूपी को दी पांच नये एयरपोर्ट की सौगात, लखनऊ एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का किया लोकार्पण
- आजमगढ़ में महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय का भी प्रधानमंत्री ने किया लोकार्पण
- बोले पीएम मोदी- अनंत काल तक विकास का गढ़ बना रहेगा आजमगढ़




**केटी न्यूज/आजमगढ़**

प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। आज यूपी अग्रिम पंक्ति के राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। ये बातें रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां मंदुरी में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व उन्होंने ?34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें प्रदेश के पांच जिलों आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट और अलीगढ़ में नये एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राजभर राज्य विश्वविद्यालय का शुभारंभ भी शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपनी ओर से गारंटी देते हुए कहा कि आजमगढ़ आजन्म और अनंतकाल तक विकास का गढ़ बना रहेगा।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नये अवसर बने हैं। आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का सदियों पुराना इंतजार भी समाप्त हो गया है। बनारस, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है, इसका लाभ पूरे प्रदेश को मिल रहा है। यही गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

### तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ के लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए परिवार वादी लोग इतने बौखलाए हुए हैं। आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। आज हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।

**यूपी की पूरी सफाई में आजमगढ़ को पीछे नहीं रहना है:** उन्होंने कहा कि इस बार यूपी की पूरी सफाई में आजमगढ़ को पीछे नहीं रहना है। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि "आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला"। उन्होंने 'अबकी बार 400 पार' का आह्वान आजमगढ़ वासियों से किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि एक साथ इतने सारे विकास कार्यों का शुभारंभ आजमगढ़ के इतिहास की पहली घटना है। उन्होंने इसे विकास का उत्सव बताया।

**विकास का नया अध्याय लिख रहा आजमगढ़:** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। एक समय दिल्ली से कोई कार्यक्रम होता था और देश के अन्य राज्य उससे जुड़ते थे, मगर आज आजमगढ़ में कार्यक्रम हो रहा है और देश के कोने कोने से हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं। आज केवल आजमगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ हो रहा है। जिस आजमगढ़ को देश के पिछड़े इलाकों में गिनते थे आज वही देश के लिए विकास का नया अध्याय लिख रहा है। आजमगढ़ से देश के विभिन्न राज्यों में 34,700 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ के युवाओं के लिए विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया गया। अब हमारे युवाओं को बनारस, गोरखपुर और प्रयागराज नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और एमएलसी भूपेन्द्र चौधरी सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद और विधायकगण मौजूद रहे।

### मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले चुनाव के समय जनता की आंख में धूल झोकने के लिए नेता घोषणाएं कर देते थे, बाद में कोई पूछने वाला नहीं होता था। जांच करने पर पता लगता कि 30-35 साल पहले घोषणा कर हुई थी, पत्थर गाड़ दिये गये थे। बाद में पत्थर भी खो जाते और नेता भी खो जाते थे। मगर आज देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। हमने 2019 में जो शिलान्यास किये, आज उसे धरातल पर उतारा जा चुका है। 2024 में भी कोई मेहरबानी करके इन विकास कार्यों को चुनावी चश्मे से न देखे। ये विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है।

**लोगों ने माफियाराज और कट्टरपंथ के खतरों को देखा है:** प्रधानमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ के लोगों का प्यार और आजमगढ़ का विकास, जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। पूर्वांचल ने दशकों तक जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति देखी है। पिछले 10 साल से ये क्षेत्र विकास की राजनीति भी देख रहा है। सात साल में योगी जी के नेतृत्व में उसे और गति मिली है। यहां के लोगों ने माफियाराज और कट्टरपंथ के खतरों को भी देखा है और अब यहां की जनता कानून का राज भी देख रही है। जिन नगरों को यूपी का छोटा और पिछड़ा शहर कहा जाता था, जिन्हें कोई पूछने वाला नहीं था। आज वहां तेजी से विकास हो रहा है, उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

## जौनपुर में भीषण सड़क हादसे में सीतामढ़ी के सात लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

- सीतामढ़ी से प्रयागराज के झूंसी छेका करने जाने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक ही परिवार के हैं सभी

**केटी न्यूज/जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को वाराणसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गौराबादशाहपुर थाना इलाके के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर प्रसाद कॉलेज तिराहे के पास शनिवार की रात लगभग ढाई बजे हुई।

जानकारी के अनुसार बिहार के सीतामढ़ी से प्रयागराज के झूंसी छेका करने के लिए एक परिवार के नौ सदस्य कार में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही कार जौनपुर से प्रसाद कॉलेज तिराहे से प्रयागराज जाने के लिए मुड़ी तो सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।

बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले जवाहर शर्मा अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ कार से अपने पुत्र चंदन शर्मा का छेका करने प्रयागराज के झूसी जा रहे थे। रात लगभग ढाई बजे जब उनकी कार केराकत प्रसाद तिराहे पर पहुंची तभी जौनपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार लगभग 100 मीटर तक घिसटती चली गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने छह को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। वहीं वाराणसी में उपचार के दौरान एक नौ वर्षीय बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार हादसे में चंदन के पिता, दो भाई, भाभी, मम्मी, ताऊ और नौ वर्षीय भतीजे की मौत हो गयी है। अभी दो लोगो एक महिला और एक पुरुष का इलाज वाराणसी में चल रहा है। मृतकों में जवाहर शर्मा (55), अनीश शर्मा (35),गजाधर शर्मा (60),गौरव शर्मा (18),सोनम शर्मा (32),रिंकी शर्मा (33) और युग (9)। सभी लोग एक ही परिवार के सीतामढ़ी के रीगा द्वतीय पंचायत के गांव फंदह के वार्ड 14 के रहने वाले थे।

## महतारी वंदन योजना की पहली किस्त पीएम मोदी ने जारी की

**एजेंसी/रायपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बड़ी सौगात दी। उन्होंने महतारी वंदन योजना की शुरूआत करते हुए इस स्कीम की पहली किस्त जारी की. योजना के तहत विवाहित महिलाओं को 1 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जरिए 70 लाख से अधिक महिलाओं को 700 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से बैंक खातों में जाएंगे। महतारी वंदन योजना को लॉन्च करते हुए पीएण ने कहा, 'हर महीने आपको बिना किसी परेशानी के आपके बैंक खातों में पैसा (1,000 रुपये) मिलेगा और मैं आपको यह गारंटी दे रहा हूं क्योंकि मुझे छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार पर भरोसा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं के खाते में सालाना 12000 रुपये भेजे जाएंगे. रविवार को इस योजना की पहली किस्त जारी की गई है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए योजना को लॉन्च किया।

पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव से पहले कई पार्टियां कई बड़े-बड़े वादे करती हैं। वे आपके लिए आसमान से तारे तोड़कर लाने का वादा करते हैं, लेकिन बीजेपी जैसी साफ इरादों वाली पार्टी वादे पूरे करती है. उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार बनने के बाद हमने 'महतारी वंदना योजना' का वादा पूरा किया। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम को बधाई देता हूं।

## सीएम ने बराकर नदी पर 4 लेन पीएससी ब्रिज का किया शिलान्यास

**जामताड़ा।** झारखंड के संताल परगना स्थित जामताड़ा में बराकर नदी पर झारखंड के सबसे बड़े वीरग्राम-बरबेंदिया 4 लेन पीएससी ब्रिज का शिलान्यास मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया। झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा इस पुल का निर्माण किया जाएगा। इससे जामताड़ा और निरसा की दूरी न केवल कम होगी, बल्कि बंगाल से भी जामताड़ा की सीधी कनेक्टिविटी सुलभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व की भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद उनकी सरकार थी। उन्होंने आदिवासियों-मूलवासियों के दुख-दर्द को नहीं समझा। सिर्फ दुष्प्रचार किया। झारखंड की जनता के उत्थान के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया।

## भाजपा सरकार में देश से 2.5 करोड़ एमएसएमई बंद हो गए : खरगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में देश से 2.5 करोड़ एमएसएमई बंद हो गए, जबकि यूपीए सरकार के दौरान 1.3 करोड़ एमएसएमई की बढ़ोतरी हुई थी।

सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि क्या यह मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और गलत सोच वाले लॉकडाउन के जरिए से अर्थव्यवस्था पर बार-बार किए गए हमलों के कारण नहीं है। पिछले 10 वर्षों में एमएसएमई में कार्यरत व्यक्तियों की कुल संख्या बदली क्यों नहीं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि 2013-14 (कांग्रेस-यूपीए) में 11.14 करोड़ लोगों को एमएसएमई में रोजगार मिला, जबकि 2022-23 (मोदी सरकार) में 11.1 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। जबकि 2020 को पीएम मोदी ने एमएसएमई के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की। मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'मोडिनॉमिक्स' के कारण एमएसएमई क्षेत्र तबाह हो गया है।

## बालू कारोबारी और लालू परिवार के करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार, दो करोड़ रुपए जब्त

**केटी न्यूज/पटना**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बालू कारोबारी और लालू परिवार के करीबी सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सुभाष यादव आरजेडी टिकट पर चतरा संसदीय सीट से चुनाव मैदान में थे। ईडी ने शनिवार को उनके छह ठिकानों पर छापेमारी की थी और 2 करोड़ कैश के अलावा कई अन्य कागजात को जब्त किया था। ईडी की टीम ने सुभाष यादव के आवास से बालू खनन, खरीद, सप्लाई और बिजनेस से जुड़े कई दस्तावेजों के साथ दो करोड़ कैश जब्त किया था। ईडी की टीम ने संपत्ति से जुड़े कागजात, बैंक लॉकर, पासबुक, विभिन्न वित्तीय संस्थानों में निवेश और आभूषण सहित कई अन्य सामानों को जब्त किया था।

ईडी की टीम ने शनिवार की देर रात सुभाष यादव को गिरफ्तार किया। इससे पहले ईडी ने सुभाष यादव के छह से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। शनिवार को हुई ये छापेमारी 16 घंटे तक चली। बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी ने कहा कि सुभाष जैसे लोग आरजेडी की मनी लॉन्ड्रिंग मशीन हैं। उन्होंने कहा कि बालू माफिया सुभाष यादव, अरुण यादव, भोला यादव, पूर्व विधायक अबू दोजाना और शराब-कारोबारी विनोद जायसवाल जैसे दर्जन-भर लोग लालू-राबड़ी की बेनामी संपत्ति और कालेधन के लिए वाशिंग मशीन का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां जब भी लालू यादव की किसी मनी लॉन्ड्रिंग मशीन पर हाथ रखती हैं, तब करोड़ों के कालेधन का पता चलता है।

### योगी सरकार की पहल से मुसहर, कोल, बोक्सा समेत कई पिछड़ी जातियों को आवास आवंटित

## बड़ी संख्या में पिछड़ी जाति से जुड़े लोगों को मिला आवास

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के गरीब और आवासविहीन लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करने में जुटी है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2018-19 से लेकर 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवासों का हुआ आवंटन किया जा चुका है। खास बात ये है की योजना के अंतर्गत खासतौर पर पिछड़ी जातियों का विशेष ध्यान रखा गया है। बड़ी संख्या में मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

**इन्हें आवंटित किए गए आवास:** जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं। वहीं, 71,257 आवास दिव्यागंजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

**20 मार्च तक सभी जनपदों को लक्ष्य हासिल करने के निर्देश:** मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक कुल 2,57,433 आवासों का आवंटन किया गया है। इसमें 2.57 लाख आवास निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 2.27 लाख आवास पूर्ण भी कर लिए गए हैं, जबकि शेष 30,150 आवास निमार्णाधीन हैं। तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक 3136.04 करोड़ रुपए की धनराशि भी सरकार की ओर से जारी कर दी गई है, जिसमें 2964.36 रुपए व्यय भी किए जा चुके हैं जो प्राप्त राशि का 94.52% है। संभावना है कि जल्द ही निमार्णाधीन आवासों को भी पूर्ण कर सरकार आवंटियों को घर की चाभी सौंप देगी। अमरोहा, शामली, बरेली, बिजनौर और भदोही जनपद लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक आवास पूर्ण करने वाले जनपदों में शीर्ष पर हैं। वहीं अन्य जनपदों को भी 20 मार्च तक लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए गए हैं।

**2018 में शुरू हुई योजना:** मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पूरी तरह राज्य सहायतित योजना है, जो 2 फरवरी, 2018 को प्रारम्भ की गई थी। इसके तहत वो लोग या परिवार योजना का लाभ लेने के पात्र हैं, जिन्होंने प्राकृतिक आपदा के कारण अपना घर गंवा दिया हो। इसके अलावा कालाजार से प्रभावित आवासविहीन परिवार, वनटंगिया एवं मुसहर, सहरिया, कोल, थारू, नट, चेरों, पछइया लोहार/ गढ़ज्या लोहार एवं बैगा (जनजाति), बोक्सा वर्ग एवं बंजारा (अन्य पिछड़ा वर्ग) के आवासविहीन परिवार और जेई/एईएस/कुष्ठ रोग से प्रभावित आवासविहीन परिवार एवं दिव्यांगजन परिवार भी पात्र श्रेणी में आते हैं। इसमें वो आवासविहीन परिवार भी आते हैं जो पात्र हैं, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पात्रता सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हैं।



## गया के बेलागंज थाना के बरैनी गांव की घटना

# बालू माफिया और पुलिस के बीच झड़प में दो घायल

- बालू के अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची थी पुलिस टीम
- झड़प में सुरक्षा बल के जवान व चौकीदार घायल



**केटी न्यूज/गया**

गया के बेलागंज थाना क्षेत्र के बरैनी गांव के समीप रविवार की शाम बालू माफियाओं एवं पुलिस के बीच हुए झड़प में सुरक्षा बलों का एक जवान और एक चौकीदार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं बालू माफियाओं एवं उसके गुर्गे पुलिस द्वारा जब्त किए गए अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जबरन छुड़ा कर भागने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर बेलागंज थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के बरैनी गांव के समीप फल्गु नदी से बालू का अवैध खनन व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन को लेकर बैरैनी पुलिस पिकेट की टीम को निर्देशित किया गया। जहां पुलिस को मौके पर पहुंचने एक बाद सभी अवैध बालू के कारोबारी अपने ट्रैक्टर के साथ भागने में कामयाब हो गए। वहीं एक बालू से लदा ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर अपने साथ ला रही थी। उसी दौरान दर्जनों की संख्या में आए बालू माफिया और उनके गुर्गे पुलिस टीम के साथ उलझ गई और जब्त बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस के गिरफ्त से जबरन छुड़ाकर भागने में कामयाब हो गया। लगभग आधे घंटे तक पुलिस और बालू माफियाओं में हुई झड़प में सुरक्षा बल के जवान मो मुमताज और चौकीदार बिनोद कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे सीएचसी बेलागंज में इलाज कराया गया है। ज्ञात हो कि बालू के अवैध खनन और कारोबार रोकने के उद्देश्य से एसएसपी के निर्देश पर फल्गु नदी किनारे रहे बरैनी गांव स्थित अतिरिक्त उप स्वास्थ केंद्र में अस्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना की गयी थी। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष विनय कृष्ण कुमार ने बताया कि बालू माफियाओं द्वारा पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिली है। उपद्रवियों को चिन्हित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस टीम पर हमले की तीसरी घटना

वर्ष 2024 में पुलिस टीम पर बालू माफियाओं द्वारा हमले का ये तीसरा मामला है। इससे पूर्व भी पुलिस टीम पर हमला को लेकर बेलागंज थाना कांड संख्या 78/24 और 105/24 के रूप में दर्ज है। बता दें कि एसएसपी आशीष भारती ने एक दिन पूर्व हीं बेलागंज थाना में पदस्थापित एएसआइ फिरोज अख्तर को बालू कारोबारी से सांठगांठ के आरोप की पुष्टि के बाद निलंबित कर दिया था। उसके दूसरे दिन ही बालू माफियाओं ने घटना को अंजाम दे दिया।

# ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त ने सीएम नीतीश से की मुलाकात



**केटी न्यूज/पटना**

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त श्री विक्रम के. दोराइस्वामी ने लंदन दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पटना में निमार्णाधीन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम साइंस सिटी को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह पटना में निमार्णाधीन साइंस सिटी को विश्वस्तरीय बनाना चाहते हैं ताकि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों खासकर ऐतिहासिक और समृद्धशाली अतीत को धारण करने वाली पुण्य भूमि बिहार एवं पाटलिपुत्र की भूमिका को भी स्मारित कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने साइंस म्यूजियम के परिभ्रमण उपरांत अपने अनुभवों को भी साझा किया। भारतीय उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री को साइंस सिटी के निर्माण में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने अपने ब्रिटेन दौरे के क्रम में स्कॉटलैंड में जल संसाधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवप्रवर्तनों की जानकारी ली। प्राकृतिक रूप से जल संसाधन की प्रचूरता वाले इस प्रदेश में उन्होंने जल के बेहतर इस्तेमाल के विषय में उच्चायुक्त से चर्चा की। उन्होंने जाना कि पेयजल के रूप में नब्बे प्रतिशत घरों में किस तरह से इसकी आपूर्ति की जा रही है। स्कॉटलैंड में जल संचयन और जल को संसाधन के रूप में कैसे बेहतर प्रयोग किया जा सकता है इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से जानकारी ली. बिहार कृषि प्रधान राज्य है और बिहार में भी पानी की प्रचुरता है। उन्होंने वाटर मैनेजमेंट के संबंध में नवीन प्रयोगों को बिहार में भी अमल में लाने को लेकर चर्चा की।

# मुझे सत्ता का मोह नहीं, लेकिन बिहार का जब तक विकास नहीं, तब तक समझौता नहीं करेंगे: चिराग

**केटी न्यूज/साहेबगंज**



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लोकसभा सीट को लेकर चल रहे मंथन के बीच लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और सांसद चिराग पासवान ने जनसभा को संबोधित किया। रविवार दोपहर को वैशाली संसदीय क्षेत्र के साहेबगंज में उन्होंने कहा कि मेरा मकसद सत्ता हासिल करना नहीं है। बिहारी के अधिकार के लिए अपनी लड़ाई लड़ता हूं। भविष्य में भी मेरे शरीर का एक-एक कतरा इसके लिए तैयार रहेगा। मैं राजनीति में जब से हूं तब से कई सरकार आई और गई गठबंधन बने और टूटे। लेकिन, बिहार की स्थिति आज भी बेहद खराब है।

सांसद चिराग पासवान ने कहा कि मुझे सत्ता का मोह नहीं है। लेकिन, बिहार का विकास नहीं हो पाया और समस्या आज भी जस की तस है। हमारे बिहार को लूटने वाले कई लोग रहे और कई नेता रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार का जब तक विकास नहीं तब तक समझौता नहीं करेंगे। अगले पांच वर्ष तक के लिए वादा करते हुए चिराग ने कहा कि वैशाली से उनके सांसद उम्मीदवार एक एक समस्या से निजात दिलाने का काम करेंगे।

### बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के लिए काम करने वाले लोग हैं

बता दें कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर वैशाली संसदीय क्षेत्र के साहेबगंज के हरि सिंह स्कूल मैदान में लोजपा (रा.) की ओर से रैली का आयोजन किया था। इसे जन आशीर्वाद सभा नाम दिया गया था। पार्टी ने नेताओं ने चिराग पासवान को चांदी की मुकुट और तलवार भेंट किया। नेताओ ने कहा हमलोग बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के लिए काम करने वाले लोग हैं। मंच पर वैशाली की मौजूदा सांसद वीणा देवी, विनिता विजय, संजय सिंह सहित पार्टी के कई वरीय नेता मौजूद थे। जिला अध्यक्ष चुलबुल शाही सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता इस जनसभा में शामिल हुए।




# नालंदा में व्यवसायी परिवार को बंधक बना 23 लाख की लूट

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा में नकाबपोश बदमाशों ने शनिवार की रात किराना व्यवसायी के घर में डकैती किया। इस घटना में नकाबपोश डकैतों ने परिवार को पहले बंधक बनाया और फिर लूट-पाट किया। इस दौरान डकैतों ने दंपती के साथ मारपीट भी की। घटना रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहद्दीनपुर स्थित कमरपुर मोड़ के समीप की है। डकैती की घटना कमलेश कुमार के घर स्थित दुकान में हुई है।

घटना के संबंध में पीड़िता रिंकू कुमारी का कहना है कि शनिवार-रविवार की रात 12:15 बजे नकाबपोश डकैतों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला काट घुस गये और गाली-गलौज करते हुए बंदूक की नोक पर मारपीट करते हुए बंधक बना लिया। मारपीट के डर से घर के स्टोरबेल और बक्सा-गोदरेज की चाभी उन्होंने दे दिया। गृह स्वामी का कहना है कि घर में सवा घंटे तक रुक कर नकाबपोश बदमाशों ने करीब 20 लाख के जेवरात और 3 लाख नगद लूट लिये।

गृह स्वामी ने बताया कि 7 से 8 की संख्या में घर में घुसे नकाबपोश डकैतो ने उन्हें और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया। परिजनों ने बताया कि डकैतों ने बड़े बुजुर्ग लोगों के साथ साथ बच्चों को भी अपने कब्जे में ले लिया। सभी को घर के एक कमरे में बंद कर दिया और बक्से एवं स्टोर वेल का ताला तोड़कर गहने-जेवरात एवं नगदी लूट लिए। डकैतों के जाने के बाद किसी तरह से वे लोग बंधन मुक्त हुए और कमरे का दरवाजा तोड़ कर घर के बाहर आए और इसकी सूचना पास के लोगों और स्थानीय पुलिस को दी गई। गृह स्वामी का कहना है कि नकाबपोश डकैत क्षेत्रीय भाषा में बातचीत कर रहे थे। वे हथियार, रॉड और कटर से लैस थे।

# पटना में अपराधियों ने किसान की गोली मारकर हत्या कर दी

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में अपराधियों ने शनिवार की देर रात एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार की सुबह किसान का शव रानीपुर कुरकुरी गांव के रास्ते नहर के किनारे पगडंडी से बरामद कर लिया है। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी सफीर आलम ने बताया कि मृतक की पहचान रानीपुर निवासी सुकेश कुमार 40 वर्ष के रूप में की है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

वार्ड पार्षद ने बताया कि सुकेश कुमार फुलवारी शरीफ थाना के रानीपुर में पुराने मकान में रहा करता था, लेकिन अभी कुछ माह पूर्व उन्होंने हाईकोर्ट कॉलोनी में नया मकान बनाया था। तब से वह वहीं रह रहा था। बताया जा रहा है कि सुकेश कुमार का अपनी पत्नी से पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। इधर, परिजन हिमांशु कुमार ने बताया कि सुकेश कुमार नशे के आदी हो चुका था। बताया कि नशे के लत के कारण उनकी पत्नी और बच्चों से बराबर विवाद हुआ करता था। इसी के कारण पिछले लगभग 10 दिनों से वह पत्नी का साथ छोड़कर अकेले रह रहे थे। घटना का कारण पूछे जाने पर उन्होंने इस मामले में फिलहाल कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।

फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों द्वारा सुकेश कुमार के सिर में एक गोली मारी गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा के साथ ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना की सूचना के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है।

### गिरिराज सिंह को दिखाए काले झंडे

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह को अपने ही संसदीय क्षेत्र में विरोध का सामना करना पड़ा। दरअसल, भाजपा नेता गिरिराज सिंह बछवाड़ा में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं द्वारा ही गिरिराज सिंह को काले झंडे दिखा कर उनके काफिले को रोक दिया गया। कार्यकताओं ने गिरिराज सिंह वापस जाओ के नारे लगाए।

### बिहार में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 4500 पदों पर वैकेंसी निकली

**पटना।** बिहार में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर नौकरी पाने का मौका देख रहे अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है। बिहार हेल्थ सब सेंटर और हेल्थ वेलनेस सेंटर की तरफ से कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 4500 पदों पर वैकेंसी निकाली है। इन पदों के लिए बीएससी नर्सिंग पास कर चुके उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.बिहार हेल्थ सेंटर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर आवेदन करने की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2024 से शुरू होगी। यह भर्तियां कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर होंगी, जिसमें 32 हजार रुपये प्रति माह वेतन और 8 हजार रुपये इंसेंटिव मिलागा। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार इस ऑफिशियल वेबसाइट shs.bihar.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

### स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत गीजास मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान स्वर्ण कारोबारी ओम प्रकाश साह उर्फ सोनी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम स्वर्ण कारोबारी ओम प्रकाश साह उर्फ सोनी अपनी दुकान को बंद करके घर लौट रहे थे। तभी पूर्व से घात लगाए अपराधी उनपर ताबड़तोड़ गोली चलानी शुरू कर दी।









# कोरानसराय में 27 लाख 85 हजार रु. की लागत से बनेगा ग्रामीण हाट

- हाट में बनाए जाएंगी 76 दुकानें, विक्रेताओं को सड़क किनारे सब्जी व फल बेचने से मिलेगी मुक्ति
- मठिला, आथर, अरियांव, खेवली, मुगांव आदि पंचायतों के सब्जी व फल उत्पादकों, विक्रेताओं तथा आम लोगों को मिलेगी राहत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय बाजार में अब फल तथा सब्जी बेचने वाले दुकानदारों को कड़ी धूप, शीतलहर व बरसात में सड़क किनारे बैठ सब्जी व फल बेचने से जल्दी ही मुक्ति मिलेगी। मनरेगा के ग्रामीण हाट योजना के तहत अब कोरानसराय में ग्रामीण हाट बनेगा। रविवार को बक्सर के उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने इस योजना का शिलान्यास किया। योजना के तहत 27 लाख 85 हजार 973 रूपए की लागत से आठ फीट लंबा व छह फीट चौड़ा कुल 76 दुकान बनाए जाएंगे। जिसका लाभ कोरानसराय के साथ ही मठिला, आथर, अरियांव, खेवली, मुगांव आदि पंचायतों के सब्जी व फल उत्पादकों, विक्रेताओं तथा आम लोगों को राहत मिलेगा। शिलान्यास के बाद डीडीसी डॉ पाल ने कहा कि यह हाट इस इलाके के सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास का सूत्रपात करेगा। उन्होंने कहा कि कोरान सराय पंचायत डुमरांव प्रखंड के तीन पंचायत, चौगाई प्रखंड के एक पंचायत एवं नावानगर का केंद्र बिंदु है। कोरान सराय के पूरब में अरियांव एवं खेवली पंचायत, पश्चिम में मठिला, उत्तर में मुगांव एवं दक्षिण में आथर है। पंचायतो में ग्रामीण हाट के अनुपलब्धता के कारण आम जन को कोरान सराय में सड़क के किनारे एवं खाली मैदान में अव्यवस्थित तरीके से फुटकर विक्रेता दैनिक बाजार लगाकर सामानों की बिक्री करते हैं। सड़क के किनारे फुटकर विक्रेता के द्वारा दुकान लगाने से यातायात प्रभावित होता है तथा हर समय दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस पंचायत के इस स्थल पर कई वर्षों से स्थानीय कृषकों द्वारा रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार को अपने सामानों की बिक्री की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन भी सामानों की बिक्री की जाती है। लेकिन चबूतरा एवं शेड नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में एवं धूप में स्थानीय दुकानदारों एवं ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।





**मनरेगा योजना के तहत कराया जा रहा है निर्माणः** कोरान सराय में इस हाट का निर्माण मनरेगा अंतर्गत ग्रामीण हाट योजना के तहत करवाया जा रहा है। डीडीसी ने बताया कि इस योजना के तहत प्राक्कलित राशि से 76 दुकानों के साथ ही दुकानदारों व ग्राहकों के मुलभूत सुविधाओं का ख्याल भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाट में चापाकल, शौचालय एवं सोख्ता का भी निर्माण किया जाएगा। नडेप में सड़े गले सब्जी एवं फल का निस्तारण किया जाएगा। जिससे कंपोस्ट तैयार किया जाएगा।

**पांच पंचायतों के हजारों की आबादी को मिलेगा लाभः** डीडीसी ने बताया कि ग्रामीण हाट के निर्माण से आस पास के 5 ग्राम पंचायतों के स्थानीय 76 दुकानदार तथा कृषक सीधे लाभान्वित होंगे। वहीं हजारों की आबादी को भी इस हाट में सामानों को खरीदने में सुविधा मिलेगी। उन्हें अब धूप या बारिश में भींगते हुए सब्जी, फल तथा अन्य सामान खरीदने से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण आजीविका संवर्धन के लिए अत्यंत ही उपयोगी है। आने वाले समय में ग्राम पंचायत का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में इस ग्रामीण हाट का बड़ा योगदान होगा तथा ग्राम पंचायत को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, बीडीओ संदीप पांडेय, जनप्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम कड़ी है बाल मेला : ददन पहलवान



**सिमरी।** प्रखंडके बड़का राजपुर गांव स्थित ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल में रविवार को बाल मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री ददन यादव उर्फ ददन पहलवान तथा स्कूल के निदेश रूपेश चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर और फीता काट किया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम कड़ी है। उन्होंने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित इस स्कूल में छात्रों को उच्च व तकनीकी शिक्षा दिया जा रहा है। जो क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है। विद्यालय के निदेशक रूपेश चौबे ने कहा कि उनका प्रयास छात्रों को तकनीकी व आधुनिक शिक्षा देने का है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने स्थापना काल से ही छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए एकेडमी कि कार्यक्रमों के अलावे समय समय पर ऐसे आयोजन करवाते रहता है। प्रदर्शनी में छात्रों ने सड़क सुरक्षा, रेलवे क्रांसिंग, अस्पताल, विद्यालय, ब्लड बैंक, बैंकिंग सिस्टम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मॉडल बना देखने वालों को दंग कर दिया।

## एक नजर

### चौगाई में मनायी गयी सरदार साहब की पुण्यतिथि



**डुमरांव।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार हरिहर सिंह पुण्यतिथि चौगाई के एक सभागार में आयोजित की गयी। इस दौरान समाजसेवियों ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें शाहाबादी शेर की संज्ञा देते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल में किसानों की कर्ज माफी किये, जिससे किसानों को बहुत राहत मिला। सभा को संबोधित करते हुए जनशक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रविंद्र सिंह शाहाबादी ने कहा कि सरदार हरिहर सिंह राजपूत समाज से होने के कारण उनकी सरकारी उपेक्षा हुई। इस महान विभूति की बिहार के किसी भी कोने में प्रतिमा स्थापित नही की गयी जबकि बिहार के मुख्यमंत्री ने अपने माता-पिता का प्रतिमा स्थापित करवाया। शाहाबादी शेर की प्रतिमा नही लगाये जाने का जवाब देना चाहिए। सरदार साहब हर लोगों के दिल में बसे है। मौके पर जनशक्ति के जिलाध्यक्ष राजन कुमार सिंह, नंदलाल पंडित, रजनीश प्रताप उर्फ गोलू, गोकुल ततवा, संतोष सिंह, किशोर सिंह, महंगू चौधरी, ददन कमकर, अनिल कुशवाहा, कामाख्या प्रसाद सहित अन्य शामिल थे।

### अपर समाहर्ता ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



**बक्सर।** जिला प्रशासन ने अब लोक सभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार को अपर समाहर्ता कुमारी अनुपम सिंह ने बक्सर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कर्मियों के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर माध्यमिक विद्यालय चुरामनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा डिस्पैच सेंटर पर वाहनों की पार्किंग, कमरों की स्थिति, मतदान सामग्री रखने का स्थान, मतदान कर्मियो के पेयजल की सुविधा एवं ब्रीफिंग स्थल का मुआयना किया गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि बक्सर एसडीओ द्वारा अबतक बेहतर कार्य योजना बनाया गया है। उन्होंने सभी जगहों पर साईनेज लगाने का निर्देश दिया, साथ ही सदर प्रखंड के बीडीओ को डिस्पैच सेंटर पर प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश बनाकर अनुमंडल पदाधिकारी को भेजने तथा डिस्पैच सेंटर पर वाहनों की पार्किंग की सही व्यवस्था, पेट्रोल पंप से टैगिंग और पोलिंग पार्टी ब्रीफिंग एवं मैटेरियल ससमय उपलब्ध कराने संबंधी कार्य योजना लिखित रूप में उपलब्ध कराने को कहा। अपर समाहर्ता ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी सेक्टर पदाधिकारियों के द्वारा चलाए जा रहते मतदाता जागरूकता अभियान की सूक्ष्म मॉनिटरिंग करने का निर्देश भी प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर को दिया। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। ऐसे में समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो जानी चाहिए। ताकी चुनाव के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो।

### केसठ में तालाब में डूबने से किशोर की मौत



**केसठ।** केसठ के प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित तालाब में दोस्तों के साथ नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई है। घटना रविवार दोपहर की है। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही ग्रामीण गोताखोरों ने करीब आधा घंटा बाद शव को पानी से निकाल बगल में स्थित पीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के नया बाजार निवासी मनोज चंद्रवंशी के 15 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार के रूप में हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही नावानगर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार आलोक अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार को दोपहर में तालाब में स्नान करने गया था। नहाने के दौरान ही वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख साथ नहा रहे लड़कों ने अपने स्तर से बचाने का प्रयास किये, लेकिन वह देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। इसके बाद अन्य किशोर डर के मारे तालाब से बाहर निकल चिखते चिल्लाते हुए ग्रामीणों तथा उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। जानकारी होते ही ग्रामीण गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा करीब आधा घंटा के प्रयास में ही शव खोज निकाला। इधर घटना के बाद से पीड़ित परिवार में क्रंदन चित्कार मच गया।

## प्रशासन की मिलीभगत से सार्वजनिक जमीन का हो रहा अतिक्रमणः शरण



- सार्वजनिक संपति बचाओ मंच का आरोप कैसरे हिन्द की इस जमीन पर गलत तरीके से कब्जा जमाया जा रहा है
- सीओ ने कहा-मामले की जांच के लिए समस्त कागजात की मांग की गई है

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के टिचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास सर्वसाधारण कैंसरे हिन्द की जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को चौथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। धरना देने वाले सार्वजनिक संपति बचाओ मंच ने आरोप लगाया है कि मैनेज के इस खेल में प्रशासन जानबूझकर चुप बैठा है, ताकी अतिक्रमणकारी अपने मंसूबे में कामयाब हो सके। मंच के प्रदीप शरण ने बताया कि कैसरे हिन्द की श्रेणी में शामिल यह जमीन 42 कट्ठे की है, जिस पर गलत तरीके से कब्जा जमाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना स्थानीय सीओ से लगायत एसडीओ तक को दी गई है। बावजूद किसी भी स्तर से इस पर रोक लगाना तो दूर जांच तक नहीं किया गया। जिससे पदाधिकारियों के मंशा पर सवाल उठ रहा है। वही धरना पर बैठे माले के मजदूर नेता संजय शर्मा की मानें तो सबसे पहले 23 फरवरी को सीओ को आवेदन दे इस जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने की गुहार लगाई गई थी लेकिन तत्कालीन सीओ ने इस पर कोई कारवाई नहीं की। इसके बाद 27 फरवरी को एसडीओ से लगायत तमाम बड़े पदाधिकारियों को आवेदन दे कैशरे हिन्द की सार्वजनिक जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गई थी। लेकिन, एसडीओ स्तर से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद मंच ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत छह मार्च से अनिश्चितकालीन धरना कर रहा है। लेकिन इससे भी प्रशासनिक अधिकारियों की तंद्रा नहीं टूटी है।

धरना का संचालन प्रदीप पासवान ने किया। मौके पर वीर बहादुर सिंह, बलिराम सिंह, राधाकृष्ण प्रसाद, नंदजी नोनिया, उधम सिंह, ललन यादव, हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू यादव, अजय कुमार, नसीम अख्तर, गुड्डु मुसहर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रवि कुमार, लालती देवी, रिंकी देवी, पूनम देवी समेत स्थानीय महादलित बस्ती के सैकड़ो पुरूष व महिलाएं शामिल रहे। इस संबंध में सीओ शमन प्रकाश ने कहा कि जमीन की घेराबंदी करने वालों से समस्त कागजात की मांग की गई है। कागजात की जांच के बाद इस संबंध में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने रविवार की सुबह गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के महरौरा गांव से एक महिला कारोबारी को साढ़े तीन लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला कारोबारी की पहचान स्थानीय गांव के धून यादव की पत्नी गंगाजली देवी के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिशा राणा ने बताया कि पुलिस क गुप्त सूचना मिली थी कि महरौरा गांव में एक महिला शराब की तस्करी कर रही है। पुलिस ने तत्काल जाल बिछाकर महिला की गिरफ्तारी का प्रयास किया। इसमें पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने महिला कारोबारी को 3.5 लीटर महुआ शराब के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि महिला पूर्व से कार्य में जुड़ी हुई थी। परंतु पुलिस की पकड़ में नहीं आ रही थी।

## महिला थाने में दांपत्य बंधन में बंधे प्रेमी जोड़े

**केटी न्यूज/बक्सर**

महिला थाना की थानाध्यक्ष कनिष्का तिवारी की पहल पर एक बार फिर से एक प्रेमी जोड़े दांपत्य जीवन की डोर में बंध गए। दोनों के परिवारों व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में दोनों ने एक दूसरे को जयमाल पहनाया। वही पति बने कोरानसराय के भानु कुमार मौर्य ने नावानगर थाना क्षेत्र के अमीरपुर गांव निवासी लक्ष्मी देवी के मांग में सिंदुर डाल उसे पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोरानसराय के स्व. गोपाल कुमार मौर्य के पुत्र भानु कुमार मौर्य तथा अमीरपुर के स्व. सुशील कुमार सिंह की पुत्री दुर्गा के बीच चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन, लड़का परिवारिक दबाव में आकर शादी करने को तैयार नहीं हो रहा था। जिसके बाद लड़की ने मजबूर होकर महिला थाने में आवेदन दिया। इसके बाद थानाध्यक्ष कनिष्का तिवारी ने लड़का तथा उसके परिजनों को बुलवा काउंसलिंग की। जिसके बाद लड़का तथा उसका परिवार शादी करने को राजी हो गया। इसके बाद थानाध्यक्ष ने अपने पैसे से वर वधू के लिए नया वस्त्र मंगवाया तथा शादी के अन्य सामानों के साथ ही पंडित को बुलवा चट मंगनी पट ब्याह की तर्ज पर थाना परिसर स्थित मंदिर में ही दोनों की शादी करवा दी। महिला थाना में कार्यरत कर्मी बाराती बन गये। और धूम-धाम के साथ शादी संपन्न हुई। थानाध्यक्ष की इस पहल की दोनों परिवार भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे थे। इस दौरान वहां थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे। गौरतलब है कि पांच दिन पहले भी महिला थाने की थानाध्यक्ष ने अपनी सूझ बुझ से एक प्रेमी जोड़े की शादी करवाई थी। थानाध्यक्ष की इस कार्यशैली की जिले भर में सराहना हो रही है।



## दो कांडो में पिता पुत्र समेत तीन अभियुक्त गिरफ्तार, बंदूक व कारतूस बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**

डुमरांव अनुमंडल के दो थानों की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही दो मामलों का उद्भेदन करते हुए उसमें शामिल पिता पुत्र समेत कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से हथियार तथा कारतूस भी बरामद हुए है। रविवार को एसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि मुरार थाना क्षेत्र के मसर्हियां गांव में शनिवार को मारकंडेय सिंह पर उनके ही पट्टीदार रामनारायण सिंह तथा उनके पुत्र बबुली सिंह उर्फ सूर्योदय ने देशी एकनाली बंदूक से जान मारने की नियत से फायरिंग किया था।



इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई। इस टीम ने आरोपित पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। उनके घर से देशी एकनाली बंदूक, छह जिंदा कारतूस तथा तीन खोखा भी बरामद किया गया। टीम में डीएसपी के साथ मुरार थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय समेत मुरार थाने की पुलिस टीम शामिल थी। वही दूसरी घटना छह मार्च को ही डुमरांव के जंगलीनाथ शिवमंदिर के पास की है। नैनीजोर ओपी थाना क्षेत्र के महुआर गांव के उमाशंकर सिंह ने डुमरांव पुलिस को आवेदन दे बताया था कि छह मार्च को जंगलीनाथ शिवमंदिर के पास डुमरांव के छठिया पोखरा निवासी लालबाबू माली के पुत्र विश्वास माली उर्फ रमेश कुमार ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर हथियार के बल पर मुझे धमकी दिया था कि कृष्णाब्रह्म थाना में दर्ज एफआईआर उठा लो। इस सूचना पर डुमरांव डीएसपी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। डुमरांव डीएसपी व थानाध्यक्ष अनिशा राणा की टीम ने छठिया पोखरा से विश्वास माली को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह हथियार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अहिवरण राय के डेरा गांव के मुन्ना यादव के पुत्र पप्पू यादव के पास रखने को दिया है। इस सूचना पर एक टीम वहां पहुंच उसके घर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही पप्पू फरार हो गया।

## बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बक्सर इकाई के जिला सम्मेलन में सम्मानित किए गए कलमकार, बोले वक्ता...

# विपरित परिस्थिति के बावजूद अपनी कलम को मजबूत रखने की जरूरत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के एमपी उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा बक्सर के तत्वावधान में जिला सम्मेलन सह बिहार को अग्रणी राज्य बनाने में मीडिया की भूमिका पर गोष्ठी की गयी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता कुमारी अनुपम सिंह, यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर मोहन प्रसाद, बिहार प्रदेश महासचिव कमलकांत सहाय, सदस्य शिवेंद्र नारायण सिंह दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर किया। आदर्श बाल विद्यालय पंचमुखी हनुमान मंदिर की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शशांक शेखर ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज के पत्रकार बुद्धिजीवियों एवं राजनेताओं के लिए संबल होते है। समाज के भावी पीढ़ी को सचेत करना है। विषय बिंदु पर चर्चा करते हुए कहा कि बिहार के निर्माण में पत्रकारों की भूमिका रही है, जिसमें शिवपूजन सहाय जैसे विद्वानों ने भूमिका निभाई है। बिहार भले ही आर्थिक पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है फिर भी प्रतिभा भरी हुई है। इसके लिए एक कानूनी संगठन होना चाहिए ताकि अगर किसी पत्रकार के खिलाफ कोई मुकदमा हो तो वह समिति जांच करे तब कार्रवाई होना चाहिए। क्षेत्रीय पत्रकार अक्सर माफिया या अन्य लोगों के निशाने पर रहते हैं। फिर भी संघर्ष कर अपनी कलम को मजबूत रखने की जरूरत है। जीवन में व्यावहारिक होना जरूरी है। वहीं अमर मोहन प्रसाद ने कहा श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने हमेशा आपके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की है। कार्यक्रम की उद्घाटनकर्ता एडीएम अनुपम सिंह ने कहा पत्रकार होना सम्मानजनक है। कार्यक्रम का संचालन वरीय पत्रकार जयमंगल पांडेय ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन चंद्रकांत निराला ने किया।




जिला सम्मेलन के दौरान जिले के दिवंगत पत्रकार के परिजनों को सम्मानित किया गया, जिसमें डुमरांव के वरिष्ठ पत्रकार स्व. शिवजी पाठक के पुत्र अम्बरीष पाठक, स्व. विवेक कुमार सिन्हा की पत्नी नीतू कुमारी, स्व. कुमार नयन के पुत्र प्रशांत कुमार व अनुराग कुमार, स्व. संजीव कुमार सोनू की पत्नी सुमन कुमारी। स्व. श्रीमन नारायण पांडेय के पुत्र मनोरंजन पांडेय एवं संजीत उपाध्याय के भाई अमित कुमार उपाध्याय शामिल रहे। सम्मेलन में मनोज सिंह, सुरेश संगम, सत्यदेव प्रसाद, संतोष रंजन राय, संजय सिंह राजनेता, डॉ देवकरण, डॉ रामकेवल, जितेंद्र मिश्र, अजय सिंह, अरुण विक्रांत, कुंदन ओझा, अरविंद कुमार चौबे, अनिल ओझा, अमरनाथ केशरी, संजय केशरी, गुलशन सिंह, आशुतोष सिंह, मनीष कुमार, सुजीत कुमार, गिरीश द्विवेदी, बादल कुमार, जितेंद्र मिश्रा, प्रदीप शरण, राज कुमार ठाकुर, अजय राय, अरुण सिंह, श्रीकांत दुबे सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद थे।



# पैसे के विवाद में घर से खींचकर ले जाने का विरोध करने पर महिला को मारी गोली

- महिला बोली: दो साल पूर्व सूद पर लिया था दो हजार, पैसे बाद भी मांग रहा था दस हजार
- हसन बाजार ओपी क्षेत्र के नारायणपुर गांव की रविवार की दोपहर की घटना
- आरोपित की धरपकड़ में में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

हसन बाजार ओपी क्षेत्र के नारायणपुर गांव में रविवार दोपहर पैसे के विवाद में एक महिला को गोली मार दी गई। गोली महिला के बाएं एड़ी के पास लगी है। उससे वह जख्मी हो गयी है, जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला नारायणपुर गांव निवासी मनोज राम की 40 वषीर्या पत्नी कुसुम देवी है।

उसने बताया कि उसका पति मनोज राम मछली बेचने का काम करता है। उसने गांव के ही व्यक्ति से दो वर्ष पूर्व सूद पर दो हजार रुपए पर लिया था। उसका वह मूल और सूद के रूप में अब तक दस हजार रुपए दे चुकी है। उसके बाद भी उस व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग की



जा रही थी। इस बीच रविवार की दोपहर वह व्यक्ति उसके घर आया और चार हजार रुपया मांगने लगा। तब उसने कहा कि दो हजार रुपया सूद पर लिया था। सूद और मूल सहित कुल दस हजार रुपए दे चुकी है। अब एक भी पैसा नहीं देगी। उस पर वह जबरन उसका हाथ खींचकर घर से बाहर ले जाने लगा और दुर्व्यवहार करने लगा। उसने विरोध किया, तो उसने उसे गोली मार दी। उससे वह जख्मी हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

## एक नजर

### जर्मिनेशन मिशन स्कूल की पांचवी वर्षगांठ पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**औरंगाबाद ।** देवहरा बाजार स्थित जर्मिनेशन मिसन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष में प्रबंध



निर्देशक एवं व्यवस्थापक विष्णु कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन मुखिया संघ के प्रदेश सचिव अभिसेक कुमार रंजन, डीपीएस स्कूल अरवल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं स्थानीय विधायक भीम कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। जिसके बाद आठवी क्लास की छात्रा सृष्टि कुमारी ,वंदना कुमारी ,रिया कुमारी एवं खुशी कुमारी ने गणेश बंदना पर डांस कर कार्यक्रम की शुरूआत की ,जिसमे छात्र एवम छात्रा के साथ साथ बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। शहीद फौजी संतोष मिश्रा के बलिदान पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसे देख लोगों की आंखें नम हो गईं। सभी ने शहीद संतोष मिश्रा को शत-शत नमन किया। बताया गया कि न्यू सेशन मई से शुरू किया जाएगा। जिसमे बास्केट बॉल एथलेटिक, नेट बॉल, हैंड बॉल ,सेस्टो बॉल इत्यादि जैसे गेम का भी क्लास चलाया जाएगा ताकि इस क्षेत्र के बच्चे भी नेशनल लेबल तक खेल सकें। इस दौरान सोनाली ,सजदा, मोनालिसा, मीनाक्षी कुजूर, हुमा नाज,शिक्षक, प्रदीप कुमार, डीयू दास,सर्वेश कुमार सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे।

### बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, एक चालक फरार

**औरंगाबाद।** गोह पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया जिसमे एक चालक फरार हो गया। थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि शराब और बालू को लेकर लगातार छापेमारी चल रही है रविवार को सुबह में पुलिस बल गमहारी गई हुई थी जिसके दौरान सूचना मिली कि , सेखपुरा दोमुहान घाट से बालू लदा ट्रैक्टर अल्हण परासी की तरफ जा रहा है जिसके सत्यापन को लेकर अल्हण परासी मोड़ पर जैसे ही पहुंची की पुलिस को देखते ही टैक्टर चालक भागने लगा जिसे पुलिस ने खदेड़कर एक चालक को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान पौथु थाना क्षेत्र के ग्राम इगुनाही के निवासी देवनारायण यादव के पुत्र दुर्गा कुमार 20 वर्ष के रूप में की गई है ।जिसपर कानूनी कार्रवाई की गई है वही ट्रैक्टर मालिक की पहचान की जा रही है । आगे की करवाई जारी है।

### बच्चे के अपहरण मामले में आरोपित धराया

**औरंगाबाद।** बहला फुसलाकर एक सात वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले में नगर थाना की पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान नरारी कलां थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी 28 वर्षीय शंकर दास के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार आरोपित बच्चे को शहर के महुआ शहिद से बहला फुसलाकर उठा लिया और मौके से फरार हों गया। काफी समय बाद मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके अलोक में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ आरोपित को जम्होर रेल्वे स्टेशन के समीप पकड़ा गया और बच्चें को सकुशल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित ने बच्चें को बहला-फुसलाकर अपहरण की नियत से ले भागा था लेकिन सूचना मिलने पर गिरफ़्तार किया गया।

## खबरें फटाफट

### डायबिटिज एवं हृदय रोग के मरीजों को अब कम खर्चों में होगा इलाज

**औरंगाबाद।** डायबिटिज एवं हृदय रोग से जुड़े मरीजों का सस्ता इलाज अब शहर में संभव है।



आधुनिक सेवाओं से लैस क्लिनिक 'पटना कार्डियो डायबिटिज सेंटर' का उद्घाटन आज शहर के नावाडीह रोड में किया गया जिसमें पटना के मशहूर डायबिटिज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एम.आई. हक के द्वारा औरंगाबाद के लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधित बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह क्लिनिक डायबिटीज, हृदय, थायराइड, बीपी, माइग्रेन, टीवी व अन्य पूरानी व जटिल रोगों के इलाज के लिए पूरी तरह से समर्पित है। यह क्लिनिक पटना के एनएसएमसीएज के एसोसिएट प्रोफेसर व आइजीएमएस के हृदय रोग विभाग के सीनियर रेजिटेंड, डा. एम.आई. हक के द्वारा संचलित है। इस अवसर पर डा. एम.आई. हक ने कहा कि मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि लोगों को आधुनिक चिकित्सा सेवा किफायती खर्च में उपलब्ध कराएं। यहां पर एक ही जगह पर सभी तरह के रक्त जांच, ईसीजी, इको व अन्य हृदय रोग संबंधित जांच की सुविधाएं है। डॉ हक ने कहा कि इस क्लिनिक के माध्यम से वृद्ध गरीब व मजबूर लोगों को सस्ते इलाज व आवश्यकतानुसार मुफ्त किंतु उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा देना ही इस क्लिनिक का मुख्य मकसद है। इसके लिए यथासंभव प्रत्येक माह में एक बार चिकित्सा शिविर लगाने की योजना है। डॉ. हक ने चिकित्सा सेवा के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहें कि हमारा उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को महंगी व लाइलाज चिकित्सा की भ्रांति को दूर करने, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने व अवैज्ञानिक सोच को दूर कर किसी भी बीमारी से मुक्ति संभव है जैसे सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए कृत संकल्पित है।

### जगदीशपुर थाने की पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जगदीशपुर व शाहपुर के हैं आरोपित

# बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़ : तीन महिला समेत पांच आरोपित गिरफ्तार

- दो बच्चे भी हुए बरामद
- बच्ची की बरामदगी में जुटी पुलिस को पिछले साल बिहिया से अगवा बच्चा भी मिला
- अगवा करने के बाद डेढ़ से दो लाख रुपए में निः संतान महिलाओं को बेचे जाते थे बच्चे

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर की जगदीशपुर थाने की पुलिस द्वारा बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस द्वारा अगवा दो बच्चों की बरामदगी करने के साथ पांच आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है। बरामद बच्चों में एक को पिछले साल फरवरी माह में ही अगवा किया गया था। दूसरी बच्ची को चार रोज पहले अपहरण किया गया था। इन बच्चों में जगदीशपुर के दुलौर गांव निवासी अंतीम पांडेय की चार वर्षीय पुत्री अर्चित पांडेय और बिहिया नगर के राजा बाजार निवासी वीर बहादुर पासवान का तीन वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार है। गिरफ्तार आरोपितों में जगदीशपुर मीट मार्केट निवासी सुरेंद्र यादव की पत्नी पूजा देवी, वार्ड नंबर 15 जगा के पीपल निवासी शिवधारी गोंड, उनकी पत्नी पूनम देवी, अजय केशरी और शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव निवासी संतोष



गोंड की पत्नी पंचरत्न देवी शामिल हैं। इनमें पूजा देवी पर दोनों बच्चों को चोरी करने का आरोप है। वह अगवा करने के बाद बच्चों को डेढ़ से दो लाख रुपए में निः संतान महिलाओं को बेच देती थी। बच्चा खरीदने वाली में पूनम देवी और पंचरत्न देवी शामिल हैं। जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि छह मार्च को दुलौर गांव निवासी अंतीम पांडेय की पुत्री अर्चित पांडेय खेलने के दौरान वार्ड नंबर 15 जगा के पीपल के पास से गायब हो गयी थी। उस बच्ची की बरामदगी को लेकर उनके नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम द्वारा पूजा देवी की पहचान कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। तब उसकी निशानदेही पर बच्ची को शाहपुर के बरिसवन गांव निवासी पंचरत्न देवी के घर से बरामद किया गया। तब पंचरत्न देवी को गिरफ्तार किया गया। पूजा देवी से पूछताछ में पिछले साल बिहिया के राजा बाजार से लापता तीन साल के बच्चे अंकुश कुमार की चोरी का भी राज खुल गया।

उसकी निशानदेही पर बच्चे को वार्ड नंबर 16 निवासी पूनम देवी के घर से बरामद किया गया। उस मामले में पूनम देवी और उसके पति शिवधारी गोंड को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी घटना में संलिप्तता सामने आने पर अजय केशरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में थानाध्यक्ष बिगाउ राम, दारोगा जयंत प्रकाश, जीतेंद्र कुमार, प्रपुअनि सुधांशु कुमार और मीना कुमारी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### खेलने के दौरान बच्चों को बहला कर अगवा कर दूसरे को बाद बेच देती थी पूजा

पुलिस के अनुसार जगदीशपुर के मीट मार्केट निवासी पूजा देवी खेलने के दौरान मासूम बच्चों को बहला कर अगवा कर लेती थी। उसके बाद बच्चों को दूसरे महिलाओं को बेच देती थी। बता दें कि दुलौर निवासी अंतीम पांडेय की चार वर्षीय पुत्री वार्ड नंबर 15 जगा के पीपल के पास खेल रही थी। उसके बाद से वह गायब हो गयी। खोजबीन के क्रम में सीसीटीवी फुटेज में उसे लाल रंग की साड़ी पहनी महिला के साथ जाते देखा गया। उस आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया। उसके बाद अपहरण का पूरा राज खुल गया। ठीक उसी तरह पिछले साल 22 फरवरी को बिहिया के राजा बाजार निवासी वीर बहादुर पासवान के तीन वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार को अगवा किया गया था। पुलिस के अनुसार पिछले साल 22 फरवरी को बिहिया के पोखरा स्थित मंदिर में शादी कार्यक्रम के अवसर पर बैंड बाजा बज रहा था। उसमें अंकुश अन्य बच्चों के साथ डांस कर रहा था। उसी बीच वह अचानक गायब हो गया था।

# चुनाव को लेकर एसपी ने की बैठक, प्रशासनिक गतिविधियां तेज

- चुनावी घोषणा के बाद से होगा विधि व्यवस्था दुरूस्त

**केटी न्यूज/औरंगाबाद।**

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है और तैयारी शुरू कर दी है जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम की अध्यक्षता में जिला के योजना भवन में जिला स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें विधि व्यवस्था संधारण के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेशों पर चर्चा की। उन्होंने चुनावी घोषणा के बाद से मतदान की तिथि तक विधि व्यवस्था संधारण, मतगणना के दिन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त



रखने समेत अन्य बिंदुओं पर बातचीत की। पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव, गश्ती समीक्षा, प्रत्येक दिन इकाई से वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग , पेट्रोल पंप की चेकिंग करने हेतु आदेशित किया गया। इसके अलावा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत छापामारी करने, मद्यनिषेध अभियान के अंतर्गत निरंतर छापामारी करने, कांडो का निष्पादन की समीक्षा एवं निर्देश को लेकर निर्देशित किया गया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों निवारण हेतु निर्देशित किया गया। शस्त्र सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडो की समीक्षा एवं निर्देश दिया गया। साथ ही अन्य विविध विषयों पर जरूरी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) आकाश कुमार, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, जिला के सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# नवीनगर पुलिस ने मॉब लिंचिंग के आरोपी को पकड़ा



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

मॉब लिंचिंग मामले में फरार एक आरोपित को नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया है जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी ओमप्रकाश चौहान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि 15.01.24 को एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें आक्रोशित लोगों ने तीन लोगों को पीटाई के दौरान हत्या कर थीं, वहीं दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हों गए थे, जिन्हें इलाज के उपरांत पलामू जिले के हैदरनगर निवासी वकील शर्मा एवं अजीत शर्मा को जेल भेज दिया गया। घटना को लेकर दोनों पक्ष से हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया गया था जिसमें पकड़ा गया यह आरोपित अप्राथमिकी था। मामले में तकनीकी विश्लेषण एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर आज पकड़ा गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

# अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार, दो फरार



- इब्राहिमपुर गांव निवासी राहुल कुमार, क्रमडीह गांव निवासी पवन कुमार के रूप में हुई पहचान

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही मामले में तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है और पांच बाइक जब्त किया गया है। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी राहुल कुमार, क्रमडीह गांव निवासी पवन कुमार एवं अनुकुप्पा गांव निवासी के रूप में की गई है। इनके पास से 189 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया। जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही हैं। इसके अलावा अंबा थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप 86 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 54.84 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं मामले में दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी रौशन कुमार एवं भलुआरा गांव निवासी गौतम कुमार के रूप में की गई है जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।






## खबरें फटाफट

### इलाज के अभाव में गई मासूम की जान

**चंदौली।** जिला चिकित्सालय परिसर में बने मातृ शिशु विंग में शनिवार की रात एक मासूम की इलाज के अभाव में जान चली गई। परिजनों का आरोप है कि पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। जहां एक घंटे तक रात एक बजे डॉक्टर ही नहीं मौजूद थे। जब तक वो आते मेरे बेटे की जान चली गई। बताते हैं कि धानापुर थाना क्षेत्र के बभनियाव निवासी रमाकांत श्रीवास्तव के बेटे इंद्रजीत कि तबीयत खराब हो गई। उसे हम बभनियांव सीएचसी ले गए जहां से उसे चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं पिता रमाकांत ने बताया कि मेरा बेटा दर्द से कराह रहा था और वार्ड ब्वॉय बस यही कहता रहा था बस डॉक्टर आते ही होंगे। ऐसे करते करते एक घंटे बीत गए और तब तक मेरा बेटा खामोश हो गया। चिकित्सक की अनुपस्थित थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ यूके राय ने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी के लिए चिकित्सकों की तैनाती कि गयी है। चिकित्सकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। जांच के बाद ऐसे चिकित्सकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मिलेट्स रेसिपी विकास जागरूकता कार्यक्रम

**बलिया।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम बलिया के जीरा बस्ती स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मिलेट्स की खेती एवं रेसिपी विकास के लिए विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। रेसिपी विकास के लिए होटल रेस्टोरेंट एवं स्वयं सहायता समूह के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर 10 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रवीण राय को सर्वश्रेष्ठ रेसिपी के लिए प्रथम पुरस्कार, मुन्नी देवी को द्वितीय पुरस्कार तथा सौरव कुमार को तृतीय पुरस्कार समिति द्वारा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त मिलेट्स के गुणों के संबंध में जानकारी देने वाले प्रतिभागियों के मध्य प्रतिस्पर्धा के उपरांत प्रतिभागी अरविंद सिंह को प्रथम पुरस्कार, सच्चिदानंद सिंह को मिला।

# प्रधानमंत्री ने किया दिलदारनगर रेल कम रोड ब्रिज का लोकार्पण

♦ गाजीपुर सिटी से ताड़ीघाट-1650 करोड़ की लागत से गंगा नदी पर बना रेल कम रोड ब्रिज समेत गाजीपुर सिटी, गाजीपुर घाट व नयी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर सिटी स्टेशन से दिलदारनगर को जोड़ने की पुरानी मांग और जरूरत गंगा नदी पर तत्कालीन सांसद एवं रेल व संचार राज्यमंत्री मनोज सिन्हा के प्रयास से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 नवंबर 2016 को गाजीपुर की धरती से ही शिलान्यास की परियोजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से लोकार्पण किया। 1650 करोड़ की लागत की इस परियोजना में गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट 16.79 किमी नई रेल लाइन का निर्माण पूर्ण हुआ है। इस नई रेल लाइन निर्माण के अंतर्गत गंगा नदी पर रेल पुल एवं 12 छोटे पुलों का निर्माण तथा रेल लाइन के साथ साथ इसका विद्युतीकरण किया गया है।इस मार्ग के बन जाने से गाजीपुर सिटी से पटना की दूरी 24 किमी कम हुई है। इसके बनने से दूरी के साथ साथ समय में भी बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजीपुर सिटी-ताड़ीघाट नव निर्मित रेल खंड पर हरी झंडी दिखाकर एक ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ किया गया। गाजीपुर सिटी- ताड़ीघाट- दिलदारनगर जक्शन रेल मार्ग पर एक जोड़ी नई मेमू ट्रेन के अलावा दिलदारनगर जं ताड़ीघाट विशेष गाड़ी का मार्ग विस्तार गाजीपुर सिटी तक किया गया है। इससे इस क्षेत्र की जनता का काफी सहूलित मिलेगी। इन परि योजनाओं की मांग काफी दिनों से चल रही थी। परंतु इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इन परियोजनाओं के शुरू हो जाने से इस क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त है। इस बात की उम्मीद जतायी जा रही है कि अन्य योजनाएं भी शीघ्र शुरू हो जाएंगी। इस कार्यक्रम में गाजीपुर सिटी स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद राज्यसभा डा. संगीता बलवंत, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कृष्ण बिहारी राय, भानुप्रताप सिंह, पूर्व विधायक सुनिता सिंह, सरोज कुशवाहा, सरोजेश सिंह,अभिनव सिन्हा, सरिता अग्रवाल, मनोज गुप्ता, प्रो शोभनाथ यादव,रवि प्रकाश, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर, अखिलेश सिंह, संकठा प्रसाद मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गुप्ता, राजेशराजभर, विनोद अग्रवाल, शैलेश राम, साधना राय, रासबिहारी राय, अनिल राजभर, प्रमोद वर्मा, विरेन्द्र चौहान, मनोज बिन्द, नीतीश दूबे, निखिल राय, अविनाश सिंह, अखिलेश राय सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## नई मेमू ट्रेन के ताड़ीघाट पहुंचते ही ग्रामीणों ने की फूलों की बारिश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद में रविवार को 05481 नई मेमू सवारी गाड़ी का परिचालन नए रेल रूट पर पहली बार शुरू हो गया। सवारियों से भरी आठ वैगन वाली यह मेमू जो दुल्हन की तरह रंग बिरंगे फूलों से सजी थी सिटी स्टेशन से दोपहर 12.16 बजे चलकर 12.32 बजे नवनिर्मित ताड़ीघाट-स्टेशन पहुंची। पहले से क्षेत्रीय ग्रामीण सहित अन्य प्रशासनिक व रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

मेमू के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने मेमू पर फूलों की बारिश करने के साथ ही जय श्रीराम के गगनभेदी नारे से जमकर स्वागत किया। इस बीच लोगों ने जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा एवं पीएम मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाए। केबीन से क्रू मेंबरों के उतरते ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान लोगों में फूलों से सजी इस ट्रेन के आगे सेल्फी लेने की होड़ मची रही। ट्रेन को देखने के लिए भारी संख्या में महिला, पुरूष आदि मौजूद रहे। इसके उपरांत मेमू 15 मिनट रूकने के बाद 12 बजकर 47 मिनट पर दिलदारनगर जंक्शन के लिए आरपीएफ स्कॉर्ट में सकुशल रवाना होते ही प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गये थे। जगह- जगह पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। इस दौरान नई मेमू सवारी गाड़ी सिटी से ताड़ीघाट नई रेल लाइन एवं नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल पर 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौडी। बता दें कि 11 मार्च से इस नये रूट पर दिलदारनगर जंक्शन से तारीघाट व सिटी स्टेशन तक ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू हो जाएगा।

## राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का अहम योगदान: एसडीएम




**केटी न्यूज/चंदौली**

सकलडीहा विकासखंड के खडेहरा गांव स्थित अमर ज्योति संस्था की ओर से रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अनुपम मिश्रा सीओ रघुराज, यूनिसेफ मंडलीय सलाहकार रिजवाना एवं डॉ.प्रिया रघुराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं को जागरूक करने व उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से महिला और अतिथियों को गौरव रत्न व प्रसशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा ने कहा कि विकासीत भारत के लिये महिलाओं का सम्मान और अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा। बगैर महिलाओं के समाज सशक्त और विकासीत नही होगा। डिप्टी एसपी रघुराज ने कहा कि भारत पुरुष प्रधान देश रहा है। परंतु आज अधिकार एवं जागरूकता को लेकर महिलाएं समाज से लेकर देश विकास में अपना सहयोग देकर खुद पहचान बनाने में सफल साबित हुई हैं।आज विश्व पटल पर महिलाएं कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हुई हैं। डा प्रिया रघुराज ने कहा कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं एवं किशोरियों को उनके अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए। अंत में समाज में किये गये योगदान पर महिला और अतिथियों को गौरव रत्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निदेशक ज्ञान प्रकाश, को-ऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, संध्या यादव, सांभा यादव,आकाश मौर्य, चिंतामणि, कालिंदी यादव, सरिता आदि उपस्थित रही।

## व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा ने सपा प्रत्याशी के खिलाफ खोला मोर्चा

♦ व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा के संयोजक हेमंत ने कहा कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक तीन प्रतिशत के लोग हमारे ऊपर शासन करेंगे



**केटी न्यूज/चंदौली**

व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा की ओर से रविवार को मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल पर जन संवाद गोष्ठी हुई। इसमें दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित 85 प्रतिशत को आगे बढ़ाने की चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हम लोग 85 प्रतिशत हैं, लेकिन पीडीए का नारा देने वाले समाजवादी पार्टी इसे दरकिनार कर 15 प्रतिशत वाले को चंदौली संसदीय क्षेत्र के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसका हम सब पुरजोर विरोध करते हैं। व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा के संयोजक हेमंत कुशवाहा ने कहा कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक तीन प्रतिशत के लोग हमारे ऊपर शासन करते रहेंगे। महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोगों ने इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी व अखिलेश यादव को पत्र भेज कर अवगत करा दिया है कि यहां पिछड़े समाज के किसी भी साथी को गठबंधन का प्रत्याशी घोषित करें। पिछड़ा वर्ग का संघर्षशील उम्मीदवार को यहां की परेशानी व समस्यसाओं से अवगत है। वह समाज की बेहतरी के लिए सतत प्रयास करेंगे। पिछड़ा वर्ग के लोगों को समानता और समता के नाम पर केवल बरगलाया गया है। उन्हें कभी भी उचित स्थान नहीं मिला है। जिसका परिणाम है कि पिछड़ा वर्ग लगातार पीछे होते जा रहा है। पिछड़ा वर्ग में वहीं लोग आगे बढ़ रहे है। जिनके पास अथाह धन-संपदा है। वह हर किसी से मिलकर अपनी संपति को आगे बढ़ते जा रहे है। इस विषय पर भी पार्टी को सोचना पड़ेगा। ताकि पिछड़ा वर्ग में जो भी लोग पीछे है। उन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए। उन्हें बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा मिले। आज के समय में यदि कोई पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति अपने परिवार का इलाज कराने के लिए जाता है। तो उसका अस्पताल में ठीक तरीके से इलाज भी नहीं हो पाता है। शिक्षा का भी वहीं हाल है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जब भी बिना सोचे समझे जब भी किसी भी प्रत्याशी को टिकट दिया है। इससे पार्टी के नुकसान ही उठाना पड़ा है। इसलिए पार्टी को सही प्रत्याशी मैदान में उतारना होगा। तभी पार्टी की जीत होगी। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ कुशवाहा ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोग अपने हक के लिए एक जुट हो जाएं। शमीम मिल्की ने कहा कि विभिन्न दलों ने चंदौली के बाहर का प्रत्याशी उतार कर चंदौली को लूटा है। अब हम बाहरी नेताओं की चारागाह नहीं बनने देंगे। किन्नर समाज के अध्यक्ष सलमा किन्नर ने कहा कि उच्च न्यायालय ने हम लोगों को पिछड़ों के श्रेणी में रखा है। इसलिए किन्नर समाज भी आपके साथ है। इस दौरान कृष्णकांत यादव, एडवोकेट धर्मदेव कुशवाहा, एडवोकेट विनय कुशवाहा, चंद्र प्रकाश, लंकेश, सुशील कुमार, रामविलास, तालिब सिद्दीकी, भोजू राम, छबील प्रधान, रमेश यादव, कपिल यादव, राकेश यादव, श्रीराम यादव उपस्थित रहे।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**बलिया।** बलिया के सहतवार थाना क्षेत्र के रायडीह गांव में रविवार को एक दर्जन करीब दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं और पुरुष को जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायडीह निवासी गणेश तुरहा के परिवार के लोग अपने घर में खाना खाकर लेटे थे। तभी अचानक लगभग आधा दर्जन की संख्या मे आये दबंगों ने घर में घुसकर सोनू तुरहा (28) लाठी को डंडा से मारने पीटने लगे। हल्ला सुनकर आसपास के लोग सहित घरवाले पहुंचे तो घर वालों को भी जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल वालों में गणेश तुरहा ,धीरज कुमार, सुनीता देवी, नीरज लोग घायल हो गए हैं। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दिया। वहीं थानाध्यक्ष विकास चंद पांडेय ने बताया कि मारपीट के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि अन्य आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।

## सड़क हादसे में घायल निजी बस परिचालक की इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल निजी बस परिचालक धर्मेन्द्र सिंह की आजमगढ़ स्थित मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रेवतीपुर निवासी मृतक का शव रविवार को गांव पहुंचते ही चारों तरफ चीखपुकार मच गई। मृतक के छोटे भाई की सूचना पर मृतक के घर पहुंची रेवतीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के छोटे भाई सतेन्द्र सिंह ने बताया कि वह तीन भाई है। जिसमें मृतक सबसे बड़ा था। भाई सतेन्द्र ने बताया कि उसका भाई निजी बस पर परिचालक का काम करता था। आजमगढ़ में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मय बस समेत एक दिन पूर्व नौ मार्च को देर शाम को आजमगढ़ के लिए रवाना हुआ। भाई ने बताया कि रात को बस अभी आजमगढ़ स्थित मेहनगर पहुंची ही थी कि अचानक बस अनियंत्रित होकर सडक किनारे बीते देर रात को जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें उसका भाई गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।



बताया कि उसे किसी तरह स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक के भाई ने बताया कि मां व पिता का पहले निधन हो चुका है। बताया कि मृतक भाई धर्मेन्द्र की शादी पंद्रह वर्ष पहले बिहार की रहने वाली सुषमा के साथ हुआ था। उसने बताया कि उसके मृत भाई की तीन पुत्री व एक पुत्र है जो अभी छोटे है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में मृतक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## रेंजर्स वर्ग में पीजी कॉलेज गाजीपुर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर की प्रज्ञा रेंजर टीम ने बीते आठ व नौ मार्च को बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जलालपुर जौनपुर में आयोजित 32 वें विश्व विद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम में संघर्षपूर्ण मुकाबले में द्वितीय स्थान पर रही। जबकि रेंजर्स वर्ग में पीजी कॉलेज गाजीपुर प्रथम एवं बयालसी महाविद्यालय तृतीय स्थान पर रही। इस समागम में जौनपुर और गाजीपुर से जुड़े जनपद में प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाली कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया।प्रज्ञा रेंजर टीम ने मार्च पास्ट, ध्वज शिष्टाचार, पोस्टर, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ-फांस-बंधन एवं पायनियरिंग प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान पर रहीं तथा वर्दी, निबंध, नाटक, टेंट, टीम काउंसिल, किम्स गेम, सेंड स्टोरी, झांकी, रोल प्ले आदि में द्वितीय स्थान पर रही। महाविद्यालय की प्रज्ञा रेंजर टीम अपने टीम लीडर समीना, उप लीडर सुरेखा बिंद के नेतृत्व में सीनियर रेंजर सविता रावत, रितु यादव तथा रेंजर प्रभारी डॉ शिव कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया। टीम की इस जीत पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.अनीता कुमारी एवं डॉ. विकास सिंह, डॉ. अमित यादव, डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. शिखा सिंह ऑफर रेंजर टीम और प्रभारी डॉ. शिव कुमार को बधाइयां दी। प्रज्ञा टीम की ओर से रितु यादव, कंचन, जेबा, जोया, शिल्पी, रागिनी, प्रीति, अंकिता पांडेय आदि का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

## गाजीपुर के सादात स्थित मदरसा अनवारूल ओलूम का हुआ चौथा सालाना जलसा

## तालीम के बिना कोई भी तरक्की नहीं कर सकता : मुबारक हुसैन कासमी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के सादात स्थित मदरसा अनवारूल ओलूम का चौथा सालाना जलसा देर रात धूमधाम से संपन्न हुआ। मदरसे के संचालक मौलाना मोहम्मद इद्रीश कासमी ने कार्यक्रम में 1990 से कायम मदरसे के बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पेश की। जलसे में उपस्थित बीस छात्रों को साफा बांधकर दस्तारबंदी की गई। सालाना जलसे की शुरुआत हाफिज बिनयामिन द्वारा तिलावते कुरान पाक से की गई। जलसा की सदारत कर रहे झारखंड से आए मौलाना मुबारक हुसैन कासमी ने खेताब फरमाते हुए समाज के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इस मदरसे में छात्रों की जिंदगियों को दीनी और दुनियावी एतबार से तराशा जा रहा है। इससे उनके आने वाले भविष्य में उन्हें किसी तरह की कोई कठिनाई न आने पाए। उन्होंने कहा कि तालीम के बिना कोई भी तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए हर किसी को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम दिलाए। निजामत कर रहे मऊनाथ भंजन से आए मौलाना मंजुरूल हक ने कहा कि मजहब ए इस्लाम अमन और एकता का पैगाम देता है। इस दौरान दूर-दराज से आये शयरों ने अपनी नज्म प्रस्तुत की। शायरों ने अपनी एक से एक गजल व नज्म प्रस्तुत कर किया। और खुब वाह-वाही लूटी। जलसा में दूर-दूर से श्रोता आए हुए थे। सभी ने इसका भरपूर आनंद लिया। वहीं इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। ताकि श्रोताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इस जलसा में मौलाना अब्दुल्ला नासिर, मुफ्ती मुहम्मद इकबाल, मौलाना मुनीर कासमी, मौलाना मसूद गुफरानी, कारी मु. जावेद, ताविस रेहान ने भी विचार व्यक्त किए। जलसे में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत किया।




# जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में लोक अदालत में 53142 मामलों को हुआ निष्पादन

♦ एम.ए.सी.टी. द्वारा कुल 130 मामलों का निस्तारण करते हुए 15185000 की दिलायी गयी धनराशि

**केटी न्यूज/मऊ**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में आज दीवानी न्यायालय,मऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकृति के कुल 53142 मामलों का निस्तारण करते हुए 61448596 रुपये का समझौता राशि जमा कराया गया। वही इसमें कुल 5533539 रु0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी हुआ। माननीय जनपद न्यायाधीश 06 मामलों का निस्तारण किया। पीठासीन अधिकारी एम.ए.सी.टी. द्वारा कुल 130 मामलों का निस्तारण करते हुए 15185000 की धनराशि दिलायी गयी। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय 32 वादों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 33 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया।

विशेष न्यायाधीश, एस.सी./एस.टी. द्वारा कुल 09 मामलों का निस्तारण किया गया। पॉक्सो कोर्ट द्वारा 14 मामलों का निस्तारण करते हुए 7000 रु0 का अर्थदंड जमा कराया। अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01 द्वारा 05 मामलों का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-4 ने 279 विद्युत सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया। अपर जिला जज एफ.टी.सी. प्रथम द्वारा 01 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 11546 मामलों का निस्तारण करते हुए 815400 रु0 का अर्थदंड जमा कराया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन ने 291 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सि0डि0/ एफ.टी.सी. द्वारा 410 मामलों के निस्तारण किया गया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मधुबन ने कुल 50 मामलों का निस्तारण किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट,मऊ ने 270 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज जू0डि0 सदर ने 575 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज जू0डि0 कोर्ट सं0-1 ने कुल 101 मामलों का निस्तारण किया। वही उपभोक्ता फोरम में 13 मामलों का निस्तारण किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा 964 मामलों में निस्तारण किया एवं रु0 33367116 बकाया राशि प्राप्त की। राजस्व न्यायालय द्वारा 37982 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया गया। बी.एस.एन.एल ने कुल 23 वादों का निस्तारण किया 33684 रु0 की बकाया राशि प्राप्त की। श्रम विभाग एवं मनरेगा द्वारा.46 मामलों का निस्तारण किया एवं नगर पालिका द्वारा 352 मामलों का निस्तारित किये गये। विद्युत विभाग द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर 21 मामलों का निस्तारण किया गया तथा सोनाटा फाइनेंस कम्पनी द्वारा 02 मामलों का निस्तारण किया गया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 109 जोड़ों की हुई शादी

**मऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विकासखंड मोहम्मदाबाद गोहाना के परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन



किया गया। जिसमें 109 जोड़ों की शादी हुई संपन्न हुई और शादी हुए जोड़ो ने साथ साथ जीने मरने की कसम खाकर सुंदर तरीके से खुशहाली पूर्वक जीवन बिताने का संकल्प लिया। विकासखंड मोहम्मदाबाद गोहाना द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड घोसी के 6, रतनपुरा के 9, कोपागंज के 7, परदहा के 11, मोहम्मदाबाद गोहाना के 6, रानीपुर के 12, दोहरीघाट के 18, बड़राव के 10, विकासखंड फतेहपुर मंडाव के 17 तथा शहरी क्षेत्र के 13 जोड़े सम्मिलित हुए। इस प्रकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 109 जोड़ो की शादी शादी सम्पन्न कराई गई तथा इस योजना से लाभान्वित हुए।

### सामूहिक विवाह में 500 जोड़ो ने लिए सात फेरे

**जौनपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का आयोजन शाही किला में किया जा रहा है जिसका शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सामूहिक विवाह करने वाले जोड़ों को मुख्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली तमाम सामान राज्य मंत्री द्वारा प्रदान किया गया व वर वधु को आशीर्वाद भी देते हुए



उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। तीन दिवसीय महोत्सव के पहले दिन सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सायंकाल से स्थानीय कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वही महोत्सव में तमाम सरकारी कार्यालय द्वारा सरकार की चलाई जा रही तमाम योजनाओं की स्टाल लगाकर लोगों को जानकारी दी जा रही है जिसका राज्य मंत्री द्वारा अवलोकन किया गया। राज्य मंत्री गिरीश सिंह यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें पहले दिन 500 जोड़ो के सामूहिक विवाह का आयोजन व स्थानीय कलाकार द्वारा प्रस्तुति व दूसरे दिन देश के जाने-माने कलाकारों को आमंत्रित किया गया है साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बेहतर काम करके जिले का नाम रोशन करने लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### दृष्टिबाधित जोड़े ने मंदिर में रचाई शादी

**गाजीपुर।** जखनियां के डोरा गांव निवासी 28 वर्षीय रिंकू बनवासी चार भाई हैं। इनमें से दो दृष्टिहीन हैं। जिसमें सबसे बड़ा रमेश बनवासी बचपन से ही दोनों आंखों से दृष्टिहीन है तो वही रिंकू बनवासी भी बचपन से दृष्टिहीन है। रिंकू के पिता रामवृक्ष बनवासी ईट भट्टे पर मजदूरी करके अपने परिवार का जीविका का चलते हैं तथा दृष्टिहीन रिंकू बनवासी को 1000 प्रतिमा दिव्यांग पेंशन मिलता है। जिससे मामूली भरण पोषण करते हैं। रिंकू बनवासी ने कहा कि ईश्वर ने बचपन से ही आंखों का रौशनी तो छीन लिया जिस देश दुनिया में क्या कुछ है आंखों से कभी देखा ही नहीं लेकिन ईश्वर की कृपा से जीवन साथी तो मिला लेकिन गुजर बसर करना सरकार की 1000 प्रति माह पेंशन से ही संभव है। बचपन से दोनों आंखों से अंधे दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के केसरूआ गांव निवासी सुनीता तीन भाई चार बहनों में तीन बहन बचपन से ही दोनों आंखों से अंधे हैं। जिसमें सोफिया ,सीमा आंखों से नहीं देख पाती वही छठवें नंबर पर सुनीता देवी हैं जो दोनों आंखों से अंधे तो हैं लेकिन अब जीवनसाथी के रूप में रिंकू मिल गया। बनवासी समुदाय के नेता वीरेंद्र गौतम के पहल से दृष्टिहीन कपल की जखनिया शिव मंदिर में धूमधाम से रचाई गई।

## खबरें फटाफट

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जेसीआई ने किया सम्मानित

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया के सभी देश चाहे वह विकसित हो या विकासशील मिलकर महिला अधिकारों की बात करते हैं। इसी दिशा में उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के बारे में चर्चा की जाती है।और साथ ही साथ उनके तरक्की के विविध पहलुओं पर बातें होतीं हैं। जेसीआई जौनपुर चेतना की अध्यक्ष मीरा अग्रहरी ने कहा की आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व सम्मान का आयोजन करके भारतीय संस्कृति में महिला की गरिमामय स्थिति और सामाजिक विकास यात्रा में महिलाओं के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नही किया जा सकता है। समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं में एडवोकेट उर्वशी सिंह को समाजसेवा के क्षेत्र में, सरोज सिंह महिला थाना अध्यक्ष को सुरक्षा के क्षेत्र में,डॉ शैली निगम को चिकित्सा के क्षेत्र में, बिट्टू किन्नर को समाजसेवा के क्षेत्र में,ऊषा गुप्ता को व्यवसाय के क्षेत्र में,रजनी सोनी को पत्रिकारिता के क्षेत्र में आरती शुक्ला को शिक्षा के क्षेत्र मे अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता, चारु शर्मा, मधु गुप्ता, रीता कश्यप,अनीता सेठ,मीना गुप्ता, सारिका सेठ गायत्री जायसवाल,ज्योति शाह ममता कश्यप, आदि उपस्थित रहे।

### गोमाता की तड़प पर दस मिनट बंद रही काशी

**वाराणसी।** चारो पीठों के पूज्य शंकराचार्यों से समर्थित गौमाता राष्ट्रमाता महाअभियान के अग्रिम क्रम में परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर गोवंश हत्या मुक्त भारत बनाने हेतु राष्ट्रीय अहिंसक आंदोलन के रूप में 10 मार्च को 10 मिनट हेतु आंशिक भारत बंद आह्वान किया गया था। जिसके तहत काशीवासी गौभक्त अपने अपने प्रतिष्ठानों,व घरों से बाहर निकल कर सड़को व गलियों में बाहर निकल कर गौमाता राष्ट्रमाता का जयघोष किया। लंका, श्रीविद्यामठ सहित पूरे काशी में हुआ सांकेतिक प्रदर्शन हुआ।

## डबल इंजन की सरकार का मतलब विरासत के सम्मान के साथ प्रदेश और देश के विकास

# भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था: योगी

♦ अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है
♦ पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दाम पर बेचने का कार्य किया

**केटी न्यूज/देवरिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने पर देश के हर व्यक्ति की आय में बढ़ोतरी होगी। इससे लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। सीएम योगी ने कहा पूरा देश विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना चाह रहा है। इसके लिए आम जनमानस के बीच से 'फिर एक बार मोदी सरकार' की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

सीएम योगी रविवार को चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित नारी शक्ति वंदन समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने 679 करोड़ रुपए की 673 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी के पूर्वजों ने अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का सपना देखा था, जो अब पूरा हो चुका है। वहां पर रामलला के आगमन से पांच सदियों का इंतजार समाप्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारें यह कार्य कभी नहीं करवा पाती। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का मतलब है कि विरासत के सम्मान के साथ प्रदेश और देश के विकास करना।

सीएम योगी ने कहा कि एक समय देश के अंदर देवरिया की पहचान चीनी के कटोरे के तौर पर होती थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण देवरिया और कुशीनगर पिछड़ते चले गए। यहां की चीनी मिलें बंद हो गईं, पिछली सरकारों ने औने-पौने दाम पर उन्हें बेच दिया। इसका परिणाम रहा की यहां पर गरीबी छा गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने का कार्य किया। साथ ही हमारी सरकार कुशीनगर में बन रहे कृषि विश्विद्यालय का एक कॉलेज देवरिया में शुरू करने जा रही है। प्रकृति, परमात्मा और ऋषि-मुनियों की भूमि अब पिछड़ी नहीं रहेगी।




**डबल इंजन की सरकार में देवरिया को मिला यह लाभ :** सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देवरिया में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 244000 परिवारों को शौचालय, उज्वला योजना के तहत 195000 परिवारों को फ्री गैस कनेक्शन, 1383 मजरों का विद्युतीकरण, 10 लाख 84 हजार लोगों के जनधन अकाउंट खोले गए हैं। उन्होंने कहा की पचास हजार किसानों की कर्ज माफी हुई है। साथ ही पांच लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 6 लाख 71 हजार परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, तो 85000 घरौनी वितरित की गई हैं। सीएम ने बताया की देवरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 17358 गरीबों को आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1389 गरीबों को आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 24000 गरीब परिवारों को आवास दिए गए हैं।

**प्रदर्शनी का किया उद्घाटन :** कार्यक्रम से पहले सीएम योगी ने ओडीओपी उत्पादों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया। उसके बाद उन्होंने मंच पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड और छात्र एवं छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, देवरिया के सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सदर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी सहित भरी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद थे।

### एक वोट की ताकत से खत्म हुआ है पांच सदी का इंतजार : योगी

**कुशीनगर।** हमने बदलते हुए भारत को देखा है। भारत ने तकनीक के माध्यम से अपनी तकदीर को बदला है। हमारा भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कसया में आयोजित जनसभा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने कुशीनगर से ?2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। सीएम योगी ने पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 हजार किसानों को सोलर पम्प की स्थापना हेतु चयन पत्र वितरण का शुभारंभ और 60 करोड़ की लागत से 25 जनपदों के 49 विकासखंडों में किसान कल्याण केंद्रों का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, विधायक विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा, विनय प्रकाश गौड़, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ असीम कुमार राय, मनीष कुमार जायसवाल, पंचानन्द पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल और अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

#### लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

पडरौना से वाल्मीकि नगर बैराज नेपाल सीमा तक मार्ग का बौड़ीकरण एवं सुहढ़ीकरण, बड़हरा-लक्ष्मीपुर-अथरहा मार्ग के अधरहा घाट पर छोटी गंडक नदी पर सेतु, रामपुर-गोनहा-छितौनी मार्ग के मदरहचा घाट पर छोटी गंडक नदी पर सेतु, 55 टी.पी.डी. क्षमता का सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, फाजिलनगर में निनी स्टेडियम, ड्रग वेयर हाउस का लोकार्पण सीएम योगी ने किया।

# भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ : दारा सिंह चौहान

♦ मऊ पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का हुआ भव्य स्वागत

**केटी न्यूज/मऊ**

केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार मजबूती से चल रही है। भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह मोदी सरकार और योगी सरकार ही है जिसमें बिना किसी पक्षपात के सभी सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही आम जन मानस का विश्वास जीतकर लोक कल्याणकारी योजनाओं को सत प्रतिशत लागू करवाया जा रहा है। यह बात शनिवार की देर शाम प्रेस वार्ता करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कही। मंत्री बनने के बाद उनके प्रथम आगमन पर जिला में प्रवेश होते ही मोहम्मदाबाद घोसी कोपागंज मऊ तथा न्य स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं तथा समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। वहीं भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में कोईआम जन नहीं है हमारी सरकार में सभी खास हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन उत्तर प्रदेश के सभी 80 सीटों पर जीतकर विपक्ष का क्लीन स्वीप करेगी तथा मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में एक बार फिर से भारी बहुमत से सरकार बनाई जाएगी। हमारे शीर्ष नेतृत्व का यह नारा है अबकी बार 400 पार जो की हर हाल में सत्य होकर रहेगा। इसअवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल,लोकसभा संयोजक मुन्ना दूबे, भरत लाल राही, उमेश पाण्डेय, अखिलेश तिवारी, कृष्ण कांत राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पोखरी के खुदाई एवं सुंदरीकरण का कार्य 25 अप्रैल 2023 में हुआ था शुरू

# राज्य मंत्री ने मधुबन में किया अमृत सरोवर का उद्घाटन

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के मधुबन में अमृत सरोवर का उद्घाटन राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विजय लक्ष्मी गौतम ने किया। विकास खंड फतेहपुर मंडाव के ग्रामसभा लखनौर में बने इस अमृत सरोवर की सुंदरता को देख उन्होंने इसकी भरपूर प्रशंसा की। ग्रामसभा लखनौर में गाटा संख्या 906 पर बने इस पोखरी के खुदाई एवं सुंदरीकरण का कार्य 25 अप्रैल 2023 में शुरू हुआ था।

इस सरोवर की सुंदरता देखने लायक है। सरोवर के बगल में स्थित काली माता मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य पूरा हुआ है। ऐसे में इस सरोवर के बन जाने से मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। इससे पहले मधुबन पहुंचे राज्यमंत्री ने कटघरा के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर मधुबन के इस शहीदी धरती के वीर सपूतों को नमन किया। ग्राम सभा लखनौर पहुंचने पर राज्यमंत्री का गांव की महिलाओं ने पुष्प की वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया।



इस अवसर पर उपस्थित एक बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि इसके लिए ग्राम प्रधान आनंद कुमार मल्ल उर्फ सन्नी बधाई के पात्र हैं। अब इस गांव के लोगों की जिम्मेदारी है, कि वह इसकी सुंदरता को बनाये रखें। तालाब को गन्दा न करें। तालाब एवं उसके आसपास साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अमृत सरोवर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने इस पर हुए काम की प्रशंसा की। ग्राम प्रधान एंव उपस्थित बीडीओ से तालाब के चारों तरफ और पेड़-पौधे लगाए जाने एवं चबूतरे के निर्माण का निर्देश दिया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फतेहपुर मंडाव प्रवीण कुंवर सिंह उर्फ. शुभम ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में प्रस्तावित अन्य अमृत सरोवर पर भी तेजी से काम चल रहा है। जल्द ही चयनित अन्य तालाब भी पूरी तरह अमृत सरोवर का रूप ले लेंगे। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है।



## सुभाषितम्

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के सामान दूसरा कोई पाप नहीं है।

- लोकमान्य तिलक

## चुनाव आयुक्त गोयल का इस्तीफा, कोई बड़ा खेला

18 नवंबर 2022 को भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव पद से इस्तीफा देकर, 24 घंटे के अंदर केंद्रीय चुनाव आयुक्त बनने वाले, चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को उन्होंने इस्तीफा दिया, राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा तुरंत मंजूर कर लिया। चुनाव आयुक्त के रूप में जैसे उनकी ताबड़तोड़ नियुक्ति हुई थी। वैसे ही उनका इस्तीफा मंजूर हुआ है। जिसके कारण देश में कई तरह के कयास उनके इस्तीफा पर लगने लगे हैं । केंद्रीय चुनाव आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक का था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अगले साल सेवानिवृत हो जाएंगे। उसके बाद गोयल 2027 तक मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर पदोन्नत होने वाले थे। केंद्रीय चुनाव आयोग में गोयल को मिलाकर केवल दो चुनाव आयुक्त थे। एक पद पहले ही अनूप चंद पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद से खाली पड़ा हुआ था। गोयल का इस्तीफा मंजूर हो जाने के बाद अब केंद्रीय चुनाव आयोग में केवल राजीव कुमार ही आयुक्त रह गए हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव एक ही चुनाव आयुक्त करा पाएंगे इसको लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक हलकों में तरह-तरह की बातें शुरू हो गई हैं। केंद्रीय चुनाव आयुक्त बनने के लिए गोयल वीआरएस लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा का पद छोड़ा था। अब केंद्रीय चुनाव आयुक्त का पद,यदि उन्होंने छोड़ा है। तो अब स्तीफे के कारणों को लेकर चर्चा हो रही है। क्या चुनाव के पहले कोई बड़ा खेला होने जा रहा है। 18 नवंबर 2022 को उन्होंने केंद्रीय सचिव के पद से स्तीफा दिया था। 24 घंटे के अंदर उनकी फाइल क्लियर हुई थी। उन्हें 24 घंटे के अंदर चुनाव आयुक्त बना दिया गया था। उनकी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की थी। उस समय गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव होने थे। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित जीत हुई। वहीं हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा था। उसके बाद पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। तेलंगाना को छोड़कर शेष सभी 4 राज्यों में भाजपा को अप्रत्याशित रूप से जीत हासिल हुई थी। उसके बाद से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर देश में एक नई तरह की बहस शुरू हो गई। सुप्रीम कोर्ट में एडीआर द्वारा गोयल की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। याचिका अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सरकार ने केंद्रीय चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए जो नया कानून बनाया है। उसको भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। इस पर अभी फैसला आना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर मामला लंबित है। सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को ध्यान में रखते हुए क्या गोयल ने इस्तीफा दिया है। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित किए थे। उसकी गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट नरेंद्र मिश्रा द्वारा पोर्टल में और चुनाव परिणाम में जिस तरह के अलग-अलग आंकड़े हैं। उसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों द्वारा ईवीएम एवं बीवीपेट की कार्य प्रणाली को लेकर जो आंदोलन प्रदर्शन किया जा रहे हैं। आंदोलन के दौरान डेमो मशीन द्वारा ईवीएम मशीन की गड़बड़ियों को लेकर जो प्रदर्शन किए गए हैं। जिस तरह के आरोप केंद्रीय चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे हैं। गोयल ने क्या उस दबाव में आकर इस्तीफा दिया है एक बात यह भी कही जा रही है, गोयल केंद्रीय चुनाव आयोग के पद से इस्तीफा देकर,वह लोकसभा का चुनाव भी भाजपा कि टिकिट पर लड़ सकते हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया। राष्ट्रपति द्वारा तुरंत उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

## चिंतन-मनन

## इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है।

# तिरुपति बालाजी मन्दिर की रहस्यमयी सुनी अनसुनी बातें

विनोद तकियावाला

विश्व के मानचित्र में भारत की पहचान आस्था व अध्यात्म की आधारशिला पर आधारित है। इस का पुख्ता सबूत यहाँ की पवित्र भुमि पर अनेकों संत,महापुरुषों अवतारों नें स्वयं अवतरित होकर जनकल्याण कियें है। राम, कृष्ण, नानक, बुद्ध, महावीर, कबीर, दादु, मीरा आदि है ! ऐसे संत महापुरुषों के तपोंस्थली व कर्म भुमि पर पवित्र तीर्थ स्थल,मठ - मन्दिर इस बात का जीता जागता उदाहरण हम सभी के समक्ष है। जहाँ पर आज भी श्रद्धालू सच्चे मन व पूर्ण श्रद्धा भाव प्रार्थना करते है,उनकी इच्छा पूर्ण होती है। उनकी मन्नत व मनोकामना पूर्ण होती है। भारत को मंदिर का देश यूं ही नहीं कहा जाता, कुछ तो बात है यहां के मंदिरों में..., जो हजारों किमी. दूर से लोगों को अपनी श्रद्धा और भक्ति के कारण आकर्षित करती हैं। आज भी यहाँ हजारों ऐसे मंदिर है,जिनका अपना एक रहस्यमयी इतिहास है,भले इनके अनेको किस्से,कहानियाँ व किंदबन्ती क्यूँ ना हो। आज हम आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर.. के बारे चर्चा कर रहे है। विगत दिनों हमें दक्षिण भारत के ऐतिहासिक दौरे के दौरान दक्षिण भारत संस्कृति, सभ्यता व तीर्थ स्थलों पर दर्शन व सकून के दो पल बिताने का सुखःद अवसर मिला। आप को बता दें दक्षिण भारत की मेरी यह पहली यात्रा थी! हमारी यात्रा दिल्ली के इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ट्रमिनल न० 3 से प्रारम्भ हुई। करीब 1:50 मिनट की यात्रा के बाद हम हैदराबाद पहुँचे जहाँ से सड़क मार्ग सें सिंकन्दराबाद पहुँच गए वहाँ के आवश्यक कार्य करने के बाद पुनः सायंकालीन बेला में निजामों के शहर की सुहानी शाम में रंग बिखेरेंगी रोशनी से जगमगा रही ऐतिहासिक धरोहर चार मीनार देखने का मौका मिला इसी दौरान मेरी नजर शिव मन्दिर एक देवी मन्दिर जिसे इच्छा पूर्ति मन्दिर से जाना जाता है। रात्रि में सिंकदराबाद रेल मार्ग नेल्लुर पहुँचे गए - यहाँ के कार्य करा निस्तारण के बाद समुद्र के लट पर कुछ आनंद क्षण विताये ! यहाँ मछली पालन के लिए जगह जगह तालाब व उसके मेड़ पर नारियल के पेड़ आने वाले अतिथियों का स्वागत करते को आतुर लग रहे थे। जब हम अपनी मित्रों के संग समुद्र तट पर उठते हुए लहरों से कई संकेत व संदेश दे रहा था। समुद्र के गहरे पानी में अपने अंदर समेटे हुए अनेको रहस्यमयी खजानों में कुछ बाहर निकाल कर पुनः अपने अन्दर समेट लेता है। फिर हमारी कफिला नेल्लुर रेल मार्ग अपने बहुप्रतिक्षित स्थान



पुज्यनीय - दर्शनीय देवस्थल पहुँचनें के लिए मन मचल रहा था कि कब अपने आराध्य देव का दिव्य दर्शन हो जीवन धन्य हो जाए।

इस संदर्भ में एक बात का उल्लेख यहाँ करना चाहुंगा कि - अगर आप किसी को सच्चे मन अपने आराध्य को याद करते है तो वे आप की प्रार्थना व पूजा स्वीकार करते है। मेरे शाथ आप ऐसे ही हुआ। मन्दिर में जाकर भगवान तिरुपति बालाजी का दिव्य दर्शन हुए। आप का तिरुपति बालाजी जी का दर्शन करने का मन हो रहा है अपर आप तिरुपति मंदिर जा रहे हैं,तो आपको मंदिर से जुड़ी बातें जानना बेहद जरूरी हैं।

सर्वविदित रहे कि बाला जी का नाम आते ही हमारे व आपके दिमाग में राम भक्त हनुमान की छवि उपस्थित हो जाती है। जब हम मन्दिर परिसर में मेरी कुछ अधिकारियों से बातचीत के दौरान पता चला तिरुपति बाला जी मन्दिर स्थापित प्रतिमा यहाँ हनुमान जी की नही है,बल्कि यहाँ के स्थानीय श्रद्धालु तिरुपति बालाजी गोविदा के नाम लोकप्रिय है। मन्दिर परिसर में दर्शन व परिक्रमा के दौरान गोविंदा--- गोविंदा की जय घोष से गगन गुंजामान हो रही थी। आप को बता दे कि तिरुपति तिरुमला देवस्थानम भारत में सबसे अमीर और सबसे महसूर मंदिरों में से एक है। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित इस मंदिर के प्रति दुनियाभर के लोगों की आस्थाओं का केंद्र है। वेंकटेश्वर स्वामी इस मंदिर के प्रमुख देवता है,जिन्हें विष्णु भगवान का अवतार माना जाता है। तिरुपति बालाजी मंदिर को लेकर कई तरह की मान्यताएं हैं। भगवान तिरुपति बालाजी के बाल हैं एकदम असलीइ्ऐसी ही मंदिर से जुड़ी कुछ अनसुनी बातें जिनसे अनजान है लोग इससे जुड़ी बातों आपके खूब सुनने में आई होंगी। इस यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं ने हमे कुछ ऐसी बातें बताई,जिनके बारे में कुछ लोगों ने अब तक न सुना और न ही जाना है। आज हम आपको तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में बता रहे हैं। मन्दिर से जुड़ीएक अनजान गांव की कहानी है। यहाँ के मन्दिर में अनुष्ठान के लिए फूल घर, दीपक, घी, दूध, पत्ते तिरुपति से 22 किमी दूर एक गांव से मंगाए जाते हैं। हैरान की बात तो यह है कि आज तक इस छोटे से गांव को किसी बाहरी आदमी ने देखा तक नहीं है। आमतौर पर हर मंदिर में भगवान की मूर्ति में लगे बाल नकली होते हैं, लेकिन आपको हैरानी होगी कि भगवान बालाजी के लगे बाल रेशमी, चिकने, उलझन रहित और बिल्कुल असली हैं। आप यकीन करें या न करें,लेकिन भगवान बालाजी की मूर्ति के पीछे एक सुंदर सी आवाज आती हैं। कहते हैं कि अगर मूर्ति के पीछे कान लगाए रखें,तो लगता है कि समुद्र में से लहरें उठ रही हैं। इस मंदिर में भगवान खुद अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके है। 19वीं सदी के भारत में,क्षेत्र के राजा ने एक अपराध के लिए बारह लोगों को मौत की सजा फाँसी दी थी। इसके बाद उनके मृत शरीर को बालाजी के मंदिर की दीवारों पर लटका गया, तब भगवान स्वयं यहां प्रकट हुए थे। यहां मूर्ति पर चढ़ाए गए फूलों को मूर्ति के पीछे बहने वाले झरने में बहा दिया जाता है। अगर आप इन फूलों को देखना चाहते हैं,तो आपको येरपेडु जाना होगा। जो तिरुपति से कुल 20 किमी दूर है। तिरुपति मंदिर में दान देने वालों श्रद्धालुओ की कमी नहीं है। हर साल लाखों करोड़ें का दान आता है। इनमें से विदेशी मुद्रा ही करोड़ों रुपए की होती है । आरबीआई उस पैसे को बदलने में टीटीडी बोर्ड की मदद करता है। तिरुपति बालाजी मंदिर के गर्भगृह में देवता की मूर्ति के सामने रखे मिट्टी के दीपक भी एक रहस्य हैं कि ये दीपक कभी बुझते नहीं। ये दीपक कब जलते हैं और कौन इन्हें जलाता है,इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। न ही इसका अधिकारी कोई रिकॉर्ड है। आज तक यह बस एक रहस्य बना हुआ है। मै स्पष्ट कर दुं कि यह वही मंदिर है जहाँ स्वंय भगवान विष्णु इस कलियुग के दौरान निवास करने के लिए जाने जाते हैं।

# देश का विकलांग केंचुआ और लोकतंत्र...

-राकेश अचल

केंद्रीय चुनाव आयोग अर्थात केंचुआ के बारे में हमने दो दिन पहले ही विमर्श किया था। केंचुआ यानि भूमि नाग अब एकदम विकलांग हो गया है । केंचुआ के तीन भाग होते है । यानि एक मुख्य और दो सहायक। केंचुआ के एक और अंग को अचानक काट दिया गया है। एक लोकसभा चुनाव में अब कुछ सप्ताह का समय बचा है। भारत का निर्वाचन आयोग इस महीने किसी भी वक्त चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करना है। उससे पहले निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से इस्तीफा दे कर देश को चौंका दिया है। उनके पद छोड़ने के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अकेले बचे हैं। तीन सदस्यीय इस आयोग में निर्वाचन आयुक्तों के दोनों पद खाली हो गए हैं। अरुण गोयल के अलावा, दूसरे निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे इस साल फरवरी में सेवानिवृत्त हुए थे। तबसे उनकी जगह किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि क्या मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार अकेले आगामी लोकसभा चुनावों को संपन्न कराएंगे ।

आपको याद दिला दूँ कि पिछले चार साल में अशोक लवासा के बाद ये दूसरे निर्वाचन आयुक्त हैं, जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। हालांकि, अशोक लवासा के पद पर रहते मुख्य निर्वाचन आयुक्त और साथी निर्वाचन आयुक्त के साथ उनके मतभेदों के किस्से सार्वजनिक थे। अगस्त 2020 में लवासा ने चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया था,बाद में उन्हें एशियन डेवलपमेंट बैंक के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अरुण गोयल 1985 बैच, पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी रहे हैं। उन्होंने 18 नवंबर, 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और इसके अगले ही दिन उन्हें चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था, जिस पर विवाद छिड़ गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था।

आपको ये बताना आवश्यक है कि सुप्रीम कोर्ट ने अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल तलब की थी और सरकार से पूछा था कि उनकी नियुक्ति में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई अरुण गोयल 37 वर्षों से अधिक की सेवा के बाद भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। अरुण गोयल का कार्यकाल 2027 तक था, लेकिन वे अचानक ये पद छोड़ गए है। उनका त्यागपत्र राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने आनन-फानन में स्वीकार कर लिया है ।अब कहा जा रहा है कि गोयल को अपने खिलाफ फैसला आने की आशंका इँ। कुछ लोग कह रहे हैं कि वे भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले हैं ,लेकिन कांग्रेस कहती है कि अगर हम स्वतंत्र संस्थानों के व्यवस्थित विनाश को नहीं रोकते तो हमारे लोकतंत्र पर तानाशाही हावी हो जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि अब केंचुआ गिरने वाली अंतिम संवैधानिक संस्थाओं में से एक होगी। चुनाव आयुक्तों के चयन की नई प्रक्रिया अब प्रभावी रूप से सत्तारूढ़ दल और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पास चली गईं हैं। कार्यकाल पूरा होने के 23 दिन बाद भी नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। मोदी सरकार को इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंताजनक है। उनका आरोप है कि सरकार उस पर किस तरह दबाव डालती है, इस बारे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यह रवैया दशार्ता है कि शासन लोकतांत्रिक परंपराओं को नष्ट करने पर तुला हुआ है। वेणुगोपाल का कहना है कि केंचुआ को हर समय पूरी तरह से गैर-पक्षपातपूर्ण होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि यह चिंताजनक है। आम चुनाव से पहले पैनल में दो नियुक्तियां की जानी चाहिए।

गोयल ने अपना इस्तीफा क्यों दिया ये अभी तक स्पष्ट नहीं है। अपने इस्तीफे के बारे में या तो गोयल साहब खुद बता सकते हैं या फिर ईश्वर को इस बारे में पता होगा। मुमकिन है कि गोयल से इस्तीफा दिलाया गया ह। मुमकिन है कि इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश हो अन्यथा ऐसा अचानक क्या हुआ कि आम चुनाव की घोषणा से ठीक पहले गोयल ने इस्तीफा दे दिय। क्या इसे राष्ट्रद्रोह नहीं माना जाना चाहिए उन्हें इस्तीफा देना था तो पहले ही दे सकते थे यदि गोयल के इस्तीफे के पीछे कोई सियासी वजह है तो ये बेहद गंभीर मामला है और यदि कोई डर-भय या दबाब है तो भी इसे गंभीर ही माना जाना चाहिए। गोयल का इस्तीफा लोकतंत्र के साथ मजाक ह। उस संविधान के साथ मजाक है जिसकी शपथ लेकर उन्होंने सेवा की शपथ ली थी। गोयल गणित से एम.एससी. हैं। सारा गुना-भाग समझते हैं। उन्होंने पंजाबी विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं में प्रथम श्रेणियां हासिल करने और कीर्तिमान ध्वस्त करनेके लिए चांसलर मेडल ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था। वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के चर्चिल कॉलेज से डेवलपमेंटल इकोनॉमी में डिस्टिंक्शन के साथ पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उनकी ट्रेनिंग हार्वर्ड विश्वविद्यालय के जॉन एफ कैनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट से हुई है। अरुण गोयल ने फिर से एक कीर्तिमान ध्वस्त किया है साथ ही उन परम्पराओं को भी ध्वस्त किया है जो तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन जैसे लोगों ने बनाईं थीं। बहरहाल अरुण गोयल के इस्तीफे का सच आज नहीं तो कल सबके सामने आएगा ही ,लेकिन एक बात जरूर है कि इस देश में इन दिनों जो कुछ हो रहा है ,वो शुभ नहीं है। न देश के लिए और न लोकतंत्र के लिए। इस अशुभ के लिए कौन जिम्मेदार है ये बताने कि जरूरत नहीं है। गोयल के इस्तीफे से केंचुआ का काम प्रभावित होगा या नहीं ये तो विशेषज्ञ जानते होंगे ,लेकिन आम जनता ये जानती है कि इस घटनाक्रम से केंचुआ के काम पर असर तो पड़ेगा ह। अब अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त कितनी भाग-दौड़ कर पाएंगे ,चुनावों की निष्पक्षता की कितनी गारंटी दे पाएंगे ये कहना कठिन ह। हमारे यहां तो कहते हैं कि -अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त को अब अकेले ही सब कुछ करना होगा ,क्योंकि मान लीजीए कि केंद्र सरकार आनन-फोन में नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कर भी दे तो तो भी रातों-रात वे आयोग के लिए उपयोगी नहीं होंगे और उनके ऊपर सरकार का पिट्ठू होने के आरोप लगेंगे सो अलग। दरअसल ये सब देश में विपक्ष के कमजोर होने की वजह से हो रहा ह। आज देश में निरंकुशता के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने वाले हैं तो तमाम किन्तु सबके सब बिखरे हुए हैं, इसीलिए अराजकता और निरंकुशता कुलांचे भरते हुए आगे बढ़ रही है।

## ब्रह्माकुमारी गुलजार दादी जिनके तन में आते थे शिव बाबा!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

ब्रह्माकुमारी गुलजार दादी को आध्यात्मिक क्षेत्र में दुनिया जानती थी।जब उनके तन में आकर शिव बाबा बतियाते थे तो पीस ऑफ माइंड चैनल समेत अनेक माध्यम से दुनिया यह अदभुत व विहंगम दृश्य देखती थी।उस समय दादी गुलजार की आत्मा साइलेंट में चली जाती थी,और शिव बाबा सम्पूर्ण ईश्वरीय यज्ञ की जानकारी लेते थे,जो संदेश उस समय शिव बाबा देते थे,वही आज की मुरली यानि ईश्वरीय वाणी है।ब्रह्माकुमारीज संस्था में राजयोगिनी गुलजार दादी जहां वर्षो तक ईश्वरीय चेहरा रही वही ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं देंकर संस्था को रूहानियत के शीर्ष तक पहुंचाया।उनका रूहानी नाम हृदय मोहिनी था, जिनको गुलजार दादी के नाम से भी जाना जाता रहा। वे ब्रह्माकुमारीज अर्थात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासनिक प्रमुख के पद पर अप्रैल सन 2020 से 10 मार्च 2021 तक रही। हालांकि गुलजार दादी इस संस्था से सन 1936 मे ही संस्था की स्थापना के समय से मात्र 8 वर्ष की आयु में जुड़ गई थी।वे ओम निवास नामक बोर्डिंग स्कूल के माध्यम से इस संस्था में शामिल हुईं। इस संस्था की स्थापना दादा लेखराज यानि ब्रह्मा बाबा ने बच्चों को आध्यात्मिक एवं चारित्रिक सीख देने के लिए की थी। तब से गुलजार दादी अपनी शारीरिक आयु 92 पूरे करके शरीर छोड़ने तक इस संस्था के प्रति समर्पित रही।गुलजार दादी जिनका लौकिक नाम शोभा था, का जन्म सन 1929 में अविभाजित भारत के समय हैदराबाद के सिंध शहर में हुआ था। शोभा आठ भाई बहन थे। उनकी माता ने स्वेच्छा से उनको शिवबाबा के यज्ञ में आत्मसमर्पण करा दिया था क्योंकि वे पहले ही चाहतीं थी कि उनका एक बच्चा आध्यात्मिकता की तरफ जाये।भगवान का बच्चा होने के रूहानी नशे से लबरेज शोभा का शुरूआती जीवन बहुत ही आनंद और मजे में बीता। उन दिनों मुरली यानि ईश्वरीय वाणी में स्वर्ग के बारे में ही बताया जाता था। यह शिव बाबा की दादा लेखराज यानि ब्रह्मा बाबा द्वारा दी गयी शुरू की रूहानी शिक्षाएँ है। शोभा को वेदों की कोई जानकारी नहीं थी। फिर भी शिव बाबा की ईश्वरीय वाणी सुनकर,वे गहरे ईश्वरीय प्रेम और आध्यात्मिक आनंद अनुभव करने लगी थी।सन 1940 में उन्हें योग के समय सतयुग के दृश्य अनुभव होते थे। ब्रह्मा बाबा और मम्मा को भी यह दृश्य नहीं दिखते थे, परन्तु शोभा सहित कुछ छोटे बच्चों को नए युग के दृश्य दिखाई देने लगे थे। वे जो देखती थी, उसे सभी को बताती थीं। कराची में 1939 से 1950 तक रहने के बाद वे सन 1950 में ब्रह्मा बाबा के साथ माउंट आबू आ गई। तब तक शोभा यानि गुलजार दादी शारीरिक व आध्यात्मिक तौर पर परिपक्व हो गयीं थी और इसलिए बाबा ने उन्हें सम्पूर्ण भारत में सेवाओं के लिए भेज दिया । दादी गुलजार द्वारा संस्था के कई सेंटर स्थापित किए गए, जिनमे ज्यादा तर दिल्ली के आस-पास थे। वे मम्मा की सेवाएँ सम्भालतीं थीं और ब्रह्मा बाबा मधुबन के कार्यों की देख-रेख करते थे। यहां दादी गुलजार आध्यात्मिक सेवाएँ देतीं थीं ।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन सुख समृद्धि बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**वृषभ** आज धन में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किस्मत आपका साथ देगी।

**मिथुन** आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। बिजनस में आपको कामयाबी मिलेगी।

**कर्क** आज का दिन लाभ का संकेत दे रहा है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी।

**सिंह** आज लाभ का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। हर कार्य बिना किसी बाधा के पूरा होगा।

**कन्या** आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला** भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** आपके जीवन में सुख समृद्धि बढ़ेगी। आज के दिन आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**धनु** धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी।

**मकर** आज आपके भाग्य में वृद्धि होगी। दिन आपके लिए अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहा है।

**कुंभ** आर्थिक लाभ होगा और धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

**मीन** आपके कोष में वृद्धि होगी। आज के दिन आपका कोई बड़ा कार्य पूर्ण होगा।

## विशेष

### जीती हुई सीटें बचाने में जुटी भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है। नई सीट जीतने के लिए भाजपा ने बहुत सारी रणनीति बनाई है। लेकिन जिस तरीके से माहौल बदला है। उसके बाद भाजपा ने अपनी रणनीति भी बदल दी है। भाजपा की अब पहली प्राथमिकता 2019 में लोकसभा चुनाव में सीट जीती थी, उन्हें बचाना है। जिन राज्यों में भाजपा मजबूत है। उन राज्यों की सीट जीतने का हिसाब किताब लगाया जा रहा है। इंडिया गठबंधन अब एकजुट होकर लड़ रहा है। इस स्थिति ने भारतीय जनता पार्टी की चिंता को बढ़ा दिया है। पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पूर्वोत्तर राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अब विशेष रूप से ध्यान दे रही है। एनडीए गठबंधन और यूपीए गठबंधन में सीधा मुकाबला होने के कारण भाजपा की चिंता बढ़ गई है।

### कौन हरा सकता है भाजपा को

पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता तपस राय के यहां ईड़ी ने पिछले महीने छापा डाला था। भाजपा नेताओं ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। नगर पालिका भर्ती घोटाले में उनका नाम था। शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें टीएमसी का सबसे बड़ा चोर बताया था। उन्हीं तपस राय को अब भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पार्टी में प्रवेश दे दिया है। शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें बड़ा और ईमानदार नेता बता दिया है। उन्हें कोलकाता उत्तरी सीट से लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया जा रहा है। इसी तरह टीएमसी को हाईकोर्ट में अपने फैसलों से बुरी तरह से घेरने वाले अभिजीत गंगोपाध्याय को भी भारतीय जनता पार्टी, तामलुक लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1399 तैमूर ने वापसी में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में लूट पाट की. 1845 न्यूजीलैंड में माओरी विद्रोह भड़का. 1997 प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया. 1920 हब फैजल सीरिया के शासक बने. 1921 फ्रांस ने तुर्की के साथ संधि कर सिलेसिया पर अपना दावा छोड़ा. 1938 जर्मन फौजें आस्ट्रिया पहुंची. 1944 क्रिश्चियन डेमोक्रेट एडुअर्ड फ्रेई ने चिली के राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला. 1948 प्रथम आधुनिक जहाज जलउषा का जलावतरण किया गया. 1963 चितरंजन रेल कारखाने से पहला इंजिन बनकर बाहर निकला. 1975 द्वितीय विश्व युद्ध में ट्यूनिसिया पर जर्मनी के जवाबी हमले को ब्रिटेन ने नाकाम कर दिया. 1975 पुर्तगाल में सैन्य शासन को पलटने की नाकाम कोशिश हुई.

## दैनिक पंचांग

**11 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2024 वर्ष का 71 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 10.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 23.03 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 11.58 बजे को समाप्त। **करण** बव 10.46 बजे तदनन्तर बालव 20.57 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 36'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871915
**जूलियन दिन** 2460380.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान **तारीख** 29
**विशेष** चंद्र दर्शन।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.26 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 07.56 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.36 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.35 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.48 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.16 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.27 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.41 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.57 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.03 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.49 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



**सहजन या ड्रम्स्टिक कुल के पौधे के बारे हम सभी जानते हैं की इसे सीजना, सुरजना, शोभाजन, इंडियन हार्सरैडिश आदि नामों से जानते हैं लेकिन इनके औषधीय गुणों के बारे मे बहुत कम ही लोग जानते हैं इसके जड़, पते, छाल और फलियों आदि भाग किसी न किसी रूप मे उपयोग लेते हैं**

# सहजन एक जादुई पौधा

## पेड

इनके सभी भागों मे औषधीय गुण बहुत अधिक मात्रा मे होते हैं इसके पते एवं फलिया शरीर को ऊर्जा देने के साथ साथ शरीर मे विटामिन,खनिज एवं पोषक तत्व प्रदान करते हैं और शरीर मे उपस्थित हानिकारक या विषैले तत्वों को निकालने का काम करते हैं सहजन भारत,पाकिस्तान,बांग्लादेश और अफगानिस्तान की मूल वानस्पतिक पौधा हैं !

सहजन हमे संतरा से 7 गुना विटामिन सी ओर गाजर से 10 गुना विटामिन ए और दुध से 17 गुना कैल्सीयम तथा योगर्ट से 9 गुना अधिक प्रोटीन और केला से 15 गुना अधिक पोटेशियम तथा पालक से 25 गुना अधिक लौह तत्व की पूर्ति करते हैं !

## सहजन के औषधीय महत्व



सहजन के पौधे के सभी भागों से आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं सहजन का पौधा आवश्यक पोषक तत्वों का खजाना हैं सहजन की पत्तियों से आयरन, कैल्सीयम, पोटेशियम, जिंक, कॉपर तथा विटामिन जैसे विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन डी उपस्थित होते हैं!

सहजन की फलियों मे अमीनो ऐसिड होता हैं तथा ये पाचन समस्याओ और पेट के कैंसर को खत्म करने मे भी सहायक हैं, सहजन की पत्तियों,फूल और बीजों मे काफी मात्रा मे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं तथा ये एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर मे रैडीओऐक्टिव कारकों को कम कर कैंसर और जोड़ों के दर्द जैसे गंभीर रोगों से बचाव करते हैं तथा ये रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता हैं !

## पौधे लगाने के लिए मिट्टी एवं जलवायु कीआवश्यकता

सहजन उष्ण एवं उपोष्ण जलवायु का पौधा हैं इसको उगाने के लिए 25-35एष्ट तापमान की आवश्यकता होती हैं तथा इसके लिए दोमट तथा हल्की लवणीय मिट्टी उपयुक्त होती हैं सहजन के बीज उगने मे 5-12 दिन का समय लेते हैं, बीज को 2 ष्द्ध गहराई मे बोते हैं तथा इन्हे प्लास्टिक की थैलियों मे लगाते हैं और जब ये 30 ष्द्ध का हो जाए तब इन्हे जहां पौधे लगाने हैं वहा पर रोपाण कर देते हैं !

## पौधे के उपयोगी भाग

सहजन वृक्ष का हर भाग उपयोगी है। इसके बीज, पत्तियां, छाल, जड़, फूल, व फलिया सभी का कुछ ना कुछ प्रयोग होता है

## बीज

सहजन के बीजों मे लेनोलेक ऐसिड, फाइटोकेमिकल्स,रैसा, प्रोटीन, खनिज, विटामिन ए, बी और सी तथा अमीनो ऐसिड उपस्थित होते हैं तथा इसमे एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो हाइपोथायराडीजम, जोड़ों के दर्द,और दिल की बीमारियों को कम करता हैं तथा कॉलेस्टरल तथा ब्लड शुगर के स्तर को भी कम करता हैं, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता हैं तथा इसके बीजों को पीसकर पानी मे मिलाया जाता हैं जो पानी के साथ घुलकर यह एक प्रभावी प्राकृतिक क्लोरो-फीकेसन एजेंट बन जाता हैं जो बैक्टेरियल रोगों के निदान मे सहायक होते हैं सहजन के बीजों से तेल निकालकर इससे त्वचा के

## पत्तियां

सहजन की पत्तियों मे कार्बोहाइड्रैट,प्रोटीन,आयरन, पोटेशियम,मेग्नेसीयम और विटामिन प्रचुर मात्रा मे उपस्थित होते हैं

सहजन मे शुगर के स्तरको संतुलित रखने की क्षमता होती हैं जो डायबीटीज से लड़ने मे मदद करती हैं !

सहजन की पत्तियों का काढ़ागठिया,सायटिका,पक्षापात मे शिघ्र लाभ देता हैं !

इसकी पत्तियों को पीसकर लगाने से घाव, सूजन ठीक हो जाते हैं !

इसकी पत्तियों के सेवन से उच्च रक्त चाप मे लाभ होता हैं !

सहजन की पत्तियों का लगातार सेवन करने से आँखों की रोशनी बढ़ती हैं क्योंकि इसमे विटामिन ए प्रचुर मात्रा मे पाया जाता हैं !

## फलियाँ

सहजन की फलियों की सब्जी बनाई जाती हैं इसके खाने से पुराने गठिया ,जोड़ों के दर्द,वात रोगों मे लाभ होता हैं !

सहजन की सब्जी खाने से गुर्दे व मूत्राशय की पत्थरी कटकर निकल जाती हैं!

सहजन की फलियों मे बहुत अधिक मात्रा मे विटामिन सी उपस्थित होता है!

सहजन के बीजों फलियों तथा इसकी पत्तियों के अलावा इसकी जड़,छाल,तथा इसके फूल का भी औषधीय रूप मे उपयोग लिया जाता हैं !

## सहजन की फलियां

### सहजन का प्रसंस्करण

सहजनका प्रसंस्करण करकेइसेलंबे समय तकउपयोग मे लियाजा सकता है!

## बीजों का चूरन

बीजों को अच्छी तरह सुखाकर इसे पीसकर तैयार किया जाता हैं!

सहजन की पत्तियों का पाउडर -

सहजन की ताजा पत्तिया तोड़कर इन्हे 1-2 दिन धूप मे सुखा लिया जाता हैं और अच्छी तरह सुख जाने के बाद मे इन पत्तियों को पीस लिया जाता हैं इसके बाद इस पाउडर को साधारण तापमान पर 6 महीने तक भंडारित किया जा सकता हैं !



**मूंगफल में तेल 45 से 55 प्रतिशत, प्रोटीन 28 से 30 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेठ 21-25 प्रतिशत, विटामिन बी समूह, विटामिन-सी, कैल्शियम, मैग्नेशियम, जिंक फॉस्फोरस, पोटाश जैसे मानव शरीर को स्वस्थ रखनें वाले खनिज तत्व प ्चुर मात्रा में पाये जाते है।**

# मूंगफली की खेती



## मृदा एवं भूमि की तैयारी

मूंगफली की खेती विभिन्न प्रकार की मृदाओं में की जा सकती है फिर भी इसकी अच्छी तैयारी हेतु जल निकास वाली कैल्शियम एवं जैव पदार्थो से युक्त बलुई दोमट मृदा उत्तम होती है। मृदा का पीएच मान 6.0 से 8.0 उपयुक्त रहता है। मई के महीने में खेत की एक जुताई मिट्टी पलटनें वाले हल से करके 2-3 बार हैरो चलावें जिससे मिट्टी भुरभुरी हो जावें। इसके बाद पाटा चलाकर खेत को समतल करें जिससे नमी संचित रहें। खेत की आखिरी तैयारी के समय 2.5 क्विंटल प्रति हैक्टेयर की दर से जिप्सम का उपयोग करना चाहिए।

## भूमि उपचार

मूंगफली फसल में मुख्यतः सफेद लट एंव दीमक का प्रकोप होता है। इसलिए भूमि में आखरी जुताई के समय फोरेट 10 जी या कार्बोफ्यूरान 3 जी से 20-25 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से उपचारित करते है। दीमक का प्रकोप कम करने के लिये खेत की पूरी सफाई जैसे पूर्व फसलो के डण्ठल आदि को खेत से हटाना चाहिए और कच्ची गोबर की खाद खेत में नहीं डालना चाहिए। जिन क्षेत्रों में उकठा रोग की समस्या हो वहाँ 50 कि.ग्रा. सड़े गोबर में 2 कि.ग्रा. ट्राइकोडर्मा जैविक फफूंदनाशी को मिलाकर अंतिम जुताई के समय प्रति हैक्टेयर की दर से भूमि में मिला देना चाहिए।

## खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

मिट्टी परीक्षण के आधार पर की गयी सिफारिशों के अनुसार ही खाद एवं उर्वरकों की मात्रा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मूंगफली की अच्छी फसल के लिये 5 टन अच्छी तरह सड़ी गोबर की खाद प्रति हैक्टर की दर से खेत की तैयारी के समय मिट्टी में मिला देनी चाहिए। उर्वरक के रूप में 20~60~20 कि.ग्रा./है. नत्रजन, फॉस्फोरस व पोटाश का प्रयोग आधार खाद के रूप में करना चाहिए।

मूंगफली में गंधक का विशेष महत्व है अतः गंधक पूर्ति का सस्ता स्त्रोत जिप्सम है। जिप्सम की 250 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हैक्टर की दर से प्रयोग बुवाई से पूर्व आखरी तैयारी के समय प्रयोग करें। मूंगफली के लिये 5 टन गोबर की खाद के साथ 20~60~20 कि.ग्रा./हैक्टर नत्रजन,फॉस्फोरस व पोटाश के साथ 25 कि.ग्रा./हैक्टर जिंक सल्फेट का प्रयोग आधार खाद के रूप में प्रयोग करने से उपज में 22 प्रतिशत वृद्धि प्रक्षेत्र परीक्षण व अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों में पायी गयी है।

## बीजदर

मूंगफली की गुच्छेदार प्रजातियों का 100 कि.ग्रा. एवं फैलने व अर्द्ध फैलने वाली प्रजातियों का 80 कि.ग्रा. बीज (दाने) प्रति हैक्टर प्रयोग उत्तम पाया गया है।

## बीजोपचार

बीजोपचार कार्बोक्सिन 37.5 प्रतिशत + थाइरम 37.5 प्रतिशत की 2.5 ग्राम/कि.ग्रा. बीज की दर से या 1 ग्रा. कार्बेन्डाजिम + ट्राइकाडर्मा विरिडी 4 ग्रा./कि.ग्रा. बीज को उपचार करना चाहिए। बुवाई पहले राइजोबियम एवं फास्फोरस घोलक जीवाणु (पी.एस.बी.) से 5-10 ग्रा./कि.ग्रा. बीज के मान से उपचार करें। जैव उर्वरकों से उपचार करने से मूंगफली में 15-20 प्रतिशत की उपज बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

## बुवाई एवं बुवाई की विधि

मूंगफली की बुवाई जून के द्वितीय सप्ताह से जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है। झुमका किस्म के लिए कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. और पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. रखना चाहिए। विस्तार और अर्धविस्तारी किस्मों के लिए कतार से कतार की दूरी 45 से.मी. एवं पौधे से पौधे की दूरी 15 सें.मी. रखना चाहिए। बीज की गहराई 3 से 5 से.मी. रखनी चाहिए।

फसल की बोनी को रेज्ड/ब्रोड-बेड पद्धति से किया जाना लाभप्रद रहता है। बीज की बुवाई ब्रोड बेंड पद्धति से करने पर उपज का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इस पद्धति में मूंगफली की 5 कतारों के बाद एक कतार खाली छोड़ देते है। इससे भूमि में नमीं का संचय, जलनिकास, खरपतवारों का नियंत्रण व फसल की देखरेख सही हो जाने के कारण उपज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## उन्नत किस्में

| किस्म | अवधि (दिन) | उपज (क्विं/हैक्टर) | विमोचन वर्ष |
|---|---|---|---|
| जे.जी.एन.-3 | 100-105 | 15-20 | 1999 |
| जे.जी.एन.-23 | 90-95 | 15-20 | 2009 |
| टी.जी.- 37ए. | 100-105 | 18-20 | 2004 |
| जे.एल.- 501 | 105-110 | 20-25 | 2010 |
| जी.जी.-20 | 100-110 | 20-25 | 1992 |

## निराई-गुड़ाई एवं खरपतवार नियंत्रण

मूंगफली की अच्छी पैदावार लेने के लिये कम से कम एक निराई-गुड़ाई अवश्य करें। इससे जड़ों का फैलाव अच्छा होता है, साथ ही भूमि में वायु संचार भी बढ़ता है। और मिट्टी चढ़ाने का कार्य स्वतः हो जाता है, जिससे उत्पादन बढ़ता है। यह कार्य कोल्पा या हस्तचलित व्हील हो से करना चाहिए।

रसायनिक विधि से खरपतवार नियंत्रण हेतु पेण्डीमिथेलीन 38.7 प्रतिशत 750 ग्रा. सक्रिय तत्व प्रति हेक्टर की दर से बुवाई के 3 दिन के अंदर प्रयोग कर सकते है या खडी फसल में इमेजाथापर 100 मि.ली. सक्रिय तत्व को 400-500 लीटर पानी में घोल बनाकर बोनी के 15-20 दिन बाद प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही एक निराई-गुड़ाई बुवाई के 30-35 दिन बाद अवश्य करें जो तंतु (पेगिंग) प्रक्रिया में लाभकारी होती है।

## सिंचाई प्रबंधन

मूंगफली वर्षा आधारित फसल है अतः सिंचाई की कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती है। मूंगफली की फसल में 4 वृद्धि अवस्थाऐं क्रमशः प्रारंभिक वानस्पतिक वृद्धि अवस्था, फूल बनना, अधिकीलन (पैगिंग) व फली बनने की अवस्था सिंचाई के प्रति अति संवेदनशील है। खेत में अवश्यकता से अधिक जल को तुरंत बाहर निकाल देना चाहिए अन्यथा वृद्धि व उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।



## कीटों की रोकथाम

सफेद लट, बिहार रोमिल इल्ली, मूंगफली का माहू व दीमक प्रमुख है। सफेद लट की समस्या वाले क्षेत्रों में बुवाई के पूर्व फोरेट 10 जी या कार्बोयुरान 3 जी 20-25 कि.ग्रा/हैक्टर की दर से खेत में डालें।

दीमक के प्रकोप को रोकने के लिये क्लोरोपायरीफॉस दवा की 3 लीटर मात्रा को प्रति हैक्टर दर से प्रयोग करें।

रस चूसक कीटों (माहू, थ्रिप्स व सफेद मक्खी) के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मि.ली./प्रति लीटर या डायमिथोएट 30 ई.सी. का 2 मि.ली./ली. के मान से 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रयोग करें।

पत्ती सुरंगक कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनॉलफॉस 25 ई.सी. का 1 लीटर/हैक्टर का 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## रोगों की रोकथाम

मूंगफली में प्रमुख रूप से टिक्का, कॉलर और तना गलन और रोजेट रोग का प्रकोप होता है। टिक्का के लक्षण दिखते ही इसकी रोकथाम के लिए डायथेन एम-45 का 2 ग्रा./लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए। छिड़काव 10-12 दिन के अंतर पर पुनः करें।

रोजेट वायरस जनित रोग हैं, इसके फैलाव को रोकने के लिए फसल पर इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मि.ली./लीटर पानी के मान से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## खुदाई एवं भण्डारण

जब पौधों की पत्तियों का रंग पीला पड़ने लगे और फलियों के अंदर का टेनिन का रंग उड़ जाये तथा बीज खोल रंगीन हो जाये तो खेत में हल्की सिंचाई कर खुदाई कर लें और पौधों से फलियाँ को अलग कर लें। मूंगफली खुदाई में श्रमह्रास कम करने के लिए यांत्रिक ग्राउण्डनट डिगर उपयोगी है।मूंगफली में उचित भंडारण और अंकुरण क्षमता बनाये रखने के लिए खुदाई पश्चात् सावधानीपूर्वक सुखाना चाहिए। भंडारण के पूर्व पके हुये दानों में नमीं की मात्रा 8 से 10त्न से अधिक नहीं होना चाहिए। अन्यथा नमीं अधिक होने पर मूंगफली में एस्परजिलस प्लेक्स फफूंद द्वारा एफलाटाक्सिन नामक विषैला तत्व पैदा हो जाता है जो मानव व पशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। यदि मूंगफली को तेज धूप में सुखाये तो अंकुरण क्षमता का ह्रास होता है।

## अंकुरण क्षमता को बनाये रखने के लिए

उपयुक्त नमीं होने पर ही मूंगफली को जमीन से निकाले।

मूंगफली को भूमि से उखाड़ने के बाद इसके पौधों को उल्टा करके, छोटे-छोटे गट्ठर बनाकर फलियाँ हमेंशा धूप की तरफ होना चाहिए।

पूर्णतया सूखी फलियों को हवादार स्थान में भण्डारित करना चाहिए। जहाँ पर नमीं ग्रहण नहीं कर सकें या फिर प्रत्येक बोरे में कैल्शियम क्लोराइड़ 300 ग्राम प्रति 40 कि.ग्रा. बीज की दर से भंडारण करें।

भण्डारण के समय हानि पहुँचाने वाले कीट पतंगो से सुरक्षा रखें, जिससे भंण्डारण के समय फलियाँ खराब नहीं हो।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनी को मिला 800 करोड़ से ज्यादा का ऑर्डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंस्ट्रक्शन की फील्ड में काम करने वाली कंपनी एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बड़ा ऑर्डर मिला है। इस बारे में शुक्रवार रात कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी है। मिली जानकारी के मुताबिक एनएचएआई के आंध्र प्रदेश में हाईवे प्रोजेक्ट्स की बोली जीत ली है। कंपनी को मिलने वाले इस ऑर्डर का साइज 800 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। बता दें, कंपनी ने जनवरी में ही 700 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेलवे प्रोजेक्ट हासिल किया है। जानकारी के अनुसार, एनएचएआई के हाईवे प्रोजेक्ट के लिए कंपनी एल 1 बिडर रही है, यानि कि कंपनी की बिड सबसे कम रही है। अथॉरिटी ने इस प्रोजेक्ट की लागत का अनुमान 943.99 करोड़ रुपए लगाया था, हालांकि कंपनी ने 862.11 करोड़ रुपए की बोली लगाई जो कि सबसे कम बोली साबित हुई। इस प्रोजेक्ट के तहत दो हाईवे पर काम होना है। एक तमिलनाडु आध्रप्रदेश बॉर्डर पर 4 लेन का हाईवे और दूसरा आंध्रप्रदेश में एनएच 71 पर 6 लेन का हाईवे है, जिसका काम प्रस्तावित है। पिछले कारोबारी सत्र में स्टॉक 0.4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 909 के स्तर पर बंद हुआ है। स्टॉक ने अपने निवेशकों को एक साल में 19 फीसदी का रिटर्न दिया है। 3 महीने में स्टॉक 7 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। एक महीने में स्टॉक 2 फीसदी से ज्यादा गिरा है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 22 फीसदी घटकर 102 करोड़ रुपए रहा है। बिक्री साल दर साल के आधार पर 15 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 1364 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 4 फीसदी गिरा है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेगा केंद्र : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है। उन्होंने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि हमारी नारी-शक्ति के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा, हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं ।

# भारती एयरटेल ने चार दिन में कमाए 38,726 करोड़

## इन्फोसिस, रिलायंस और एलआईसी को नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में केवल चार दिन कारोबार हुआ। महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार में छुट्टी रही। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार




हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 38,726.67 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,448.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 13,476.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 7,03,393.29 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 12,243.35 करोड़ रुपये बढ़कर 10,98,707.88 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,099.76 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,63,581.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 1,469.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,15,921.57 करोड़ रुपये और टीसीएस का मूल्यांकन 1,157.79 करोड़ रुपये बढ़कर 14,87,070.15 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,127.8 करोड़ रुपये बढ़कर 5,68,753.81 करोड़ रुपये हो गया।

### रिलायंस में गिरावट

इस रुख के उलट देश की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,875.81 करोड़ रुपये घटकर 6,71,121.34 करोड़ रुपये पर आ गया। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 15,391.94 करोड़ रुपये घटकर 20,01,358.50 करोड़ रुपये रह गई। एलआईसी के मूल्यांकन में 6,166.87 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,48,596.89 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# भारत और ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता, वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज का दिन बेहद खास है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना लगभग 15 वर्षों की कड़ी मेहनत के परिणामों का प्रतीक है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत दो व्यापारिक साझेदार सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाने के अलावा, उनके बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी कम या खत्म कर देते हैं। गौरतलब है कि भारत और ईएफटीए जनवरी 2008 से समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है। दोनों पक्षों ने अक्तूबर 2023 में बातचीत फिर से शुरू की और इसे जल्द से जल्द खत्म किया। बता दें ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को




बढ़ावा देने और तीव्र करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन राज्यों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी, जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ अलग से एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

### स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

भारत ने पहले संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए वार्ता में तेजी लाने या तेजी से आगे बढ़ाने की रणनीति का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया था। भारत-ईएफटीए दोतरफा व्यापार 2022-23 में 18.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2021-22 में 27.23 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और उसके बाद नॉर्वे का स्थान है।

### युवाओं के विकास और रोजगार पर जोर– पीयूष गोयल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे के पूरक है। व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ हम विश्वास और महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं।

# निष्पक्ष व्यापार के लिए साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक, व्यापार समझौते पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता खुले, निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

भारत और ईएफटीए के बीच हुआ व्यापारिक समझौते के दिन को खास बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और फार्मा जैसे कई क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास में ईएफटीए देशों का वैश्विक नेतृत्व सहयोग के नए दरवाजे खोलेगा। पीएम मोदी ने अपने लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और






आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री का संदेश वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए देशों के मंत्रियों और अधिकारियों की मौजूदगी में पढ़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, भारत की अर्थव्यवस्था ने एक लंबी छलांग लगाई है, जो दुनिया की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। हमारा अगला लक्ष्य भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की अर्थव्यवस्था बनाना है। बता दें यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

### क्या है ईएफटीए

दोनों पक्षों ने अक्तूबर 2023 में बातचीत फिर से शुरू की और इसे जल्द से जल्द खत्म किया। बता दें ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन राज्यों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी, जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। हालांकि भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ के साथ अलग से एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

# कभी मिलती थी 250 रुपये सैलरी, आज एक लाख करोड़ रुपये की कंपनी के हैं मालिक

## मुरली डिवी आंध्र प्रदेश के छोटे से गांव के रहने वाले हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिंदगी में चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं, अगर ठान लिया जाए तो बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो मुश्किलें आने पर निराश हो जाते हैं। लेकिन बहुत ही कम लोग ऐसे होते हैं जो इनका मुकाबला करते हैं और जिंदगी में नई ऊंचाईयां हासिल करते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मुरली डिवी ने। एक समय ऐसा भी था जब वह 12वीं कक्षा में दो बार जब फेल हो गए थे। इस दौरान उनका खुद से भी भरोसा हिलने लगा था। जो छोड़ी-बहुत हिम्मत बची थी वो दोस्तों और रिश्तेदारों ने ताने मारकर खत्म कर दी। हालांकि, बचपन से ही इतनी मुश्किलें झेली थी कि उन्होंने इस दौर में भी खुद को टूटने से बचा लिया। वो मुरली डिवी जिन्हें 12वीं में दो बार फेल होने के बाद ताने सुनने को मिले थे उन्होंने 1.3 लाख करोड़ रुपये की कंपनी खड़ी कर दी। आईए आपको बताते हैं मुरली



डिवी की सफलता के बारे में। मुरली डीवी का जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव में हुआ था। इसी गांव में उनका बचपन बीता है। मुरली के पिता साधारण से कर्मचारी थे, उन्हें जितना वेतन मिलता था उसमें 14 लोगों का परिवार चलाना बेहद मुश्किल था। वह अपने वेतन में वह बस किसी तरह परिवार को दो वक्त का खाना उपलब्ध करा पाने में ही सक्षम थे। एक समय ऐसा भी था जब मुरली को कभी-कभार एक वक्त का खाना ही मिल पाता था। मुरली डीवी पढ़ाई में बहुत अच्छे नहीं थे। यही वजह थी कि कोशिश करने के बावजूद वह 12वीं में दो बार फेल हो गए थे।

### 250 रुपये मिली सैलरी

मुरली बी फार्मा करने के बाद जेब में सिर्फ 500 रुपये लेकर 25 साल की उम्र में अमेरिका पहुंचे थे। वहां उन्होंने फार्मासिस्ट की नौकरी की। पहली नौकरी में उन्हें सैलरी के तौर पर 250 रुपये मिले थे। मुरली की कहानी किसी फिल्म की तरह दिखती है। उन्होंने कई सारी फार्मा कंपनियों में काम किया और करीब 54 लाख रुपये जमा कर लिए। अब वे फार्मा सेक्टर को अच्छे से समझने लगे थे, वहां कुछ सालों तक काम करने के बाद वे भारत वापस लौट आए।

### ऐसे खड़ी की कंपनी

मुरली ने अपनी सभी जमापूंजी लगाकर साल 1984 में फार्मा सेक्टर में कदम रखा था। मुरली डिवी ने फार्मा सेक्टर के लिए केमिनोर बनाने के लिए कल्लम अंजी रेड्डी से हाथ मिलाया, जिसका 2000 में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ विलय कर दिया गया. इस दौरान डॉ. रेड्डीज लैब्स में 6 वर्षों तक काम करने के बाद, मुरली डिवी ने 1990 में डिवीज लैबोरेटरीज लॉन्च की। 1995 में मुरली डिवी ने अपनी पहली मैन्युफक्चरिंग यूनिट चौटुप्पल, तेलंगाना में स्थापित की। उसके बाद एक के बाद एक प्लांट लगने लगे। साल 2002 में कंपनी ने दूसरी यूनिट शुरू कर दी। मार्च 2022 में कंपनी ने 88 बिलियन का रेवेन्यू जेनरेट किया। आज कंपनी 1.3 लाख करोड़ रुपये की हो चुकी है।

# दुनिया में शहद निर्यात के मामले में नंबर वन है न्यूजीलैंड

## हर साल करीब 275 करोड़ रुपये का शहद करता है एक्सपोर्ट

### भारत में यूपी, गुजरात, पंजाब, बिहार और मप्र में होता है उत्पादन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा शहद का एक्सपोर्ट कौन देश करता है इसका जवाब है न्यूजीलैंड। इस छोटे से देश ने 2022 में 333.34 मिलियन डॉलर यानी करीब 275 करोड़ रुपये का शहद एक्सपोर्ट किया। दुनिया के नेचुरल हनी एक्सपोर्ट में न्यूजीलैंड की हिस्सेदारी करीब 12 फीसदी है। न्यूजीलैंड मनुका शहद एक्सपोर्ट करने वाला दुनिया का एकमात्र देश है। मधुमक्खी यह शहद एक खास किस्म के फूल से बनाती हैं। इसमें कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। इस कारण दुनियाभर के कई देशों में इसकी काफी मांग है। यह काफी महंगा बिकता है। भारत में इसका 350 ग्राम का पैक करीब 4,000 रुपये का है। न्यूजीलैंड की हनी एक्सपोर्ट से होने वाली कुल कमाई में मनुका शहद की हिस्सेदारी 82 फीसदी है।



शहद एक्सपोर्ट करने के मामले में न्यूजीलैंड के बाद दूसरा नंबर चीन का है। चीन सालाना करीब 22.96 करोड़ डॉलर का हनी एक्सपोर्ट करता है। चीन में सालाना 500,000 टन शहद का उत्पादन होता है। दुनिया में शहद के कुल उत्पादन का एक चौथाई चीन में ही बनता है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना है। इस देश ने 2020 में 17.95 करोड़ डॉलर का शहद एक्सपोर्ट किया। यह देश सालाना करीब 75,000 शहद का एक्सपोर्ट करता है। अर्जेंटीना शहद हाई क्वालिटी का माना जाता है। यूरोपीय देश जर्मनी और यूक्रेन भी शहद एक्सपोर्ट करने वाले टॉप पांच देशों में शामिल हैं। इसके बाद स्पेन, ब्राजील और हंगरी का नंबर है।

### भारत में शहद उत्पादन

इस लिस्ट में भारत नौवें नंबर पर है। भारत ने 2020 में 8.756 करोड़ डॉलर का हनी एक्सपोर्ट किया था। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में भारत ने 1,55,000 टन से अधिक शहद का उत्पादन हुआ। भारत में सबसे ज्यादा शहद उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश में होता है। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी, बहराइच, सिद्धार्थ नगर और बस्ती में शहद का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। गुजरात में खेड़ा, आणंद और वडोदरा, पंजाब में लुधियाना, जालंधर और अमृतसर, बिहार में वैशाली, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर तथा मध्य प्रदेश में उज्जैन, इंदौर और देवास में शहद का उत्पादन होता है।

# बार्बी ने बदल दी खिलौने की दुनिया, बिक चुकी हैं 100 करोड़ से ज्यादा डॉल्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज से 65 साल पहले 9 मार्च 1959 को पहली बार्बी को दुनिया के सामने पेश किया गया था। बार्बी की कहानी में अमेरिका की बड़ी बिजनेसवुमन और मैटल कंपनी की को-फाउंडर रूथ हैंडलर का मुख्य रोल है। जब भी बचपन और खिलौनों की बात होती है तो बार्बी डॉल का नाम जरूर आता है। यह डॉल दशकों से बच्चों की पसंद से लेकर फैशन स्टेटमेंट जाहिर करने तक, अपनी पहचान बनाती रही है। बार्बी का नाम सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। हर किसी ने एक ना एक बार बॉर्बी की डॉल से जरूर खेला होगा। बेहद खूबसूरत दिखने वाली बार्बी गर्ल को देखते ही बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे पर मुस्कान छा जाती है। आम डॉल के मुकाबले कई गुना महंगे होने के बावजूद भी लोग इसे खरीदते हैं। सोशल मीडिया पर इसके लाखों फॉलोअर्स हैं। इस खूबसूरत डॉल पर कई फिल्में बन चुकी है। पहली बार्बी डॉल को न्यूयॉर्क के अमेरिकन टॉय फेयर में पेश किया गया था। आईए आपको बताते हैं कहां और कैसे शुरू हुई थी बॉर्बी डॉल की कहानी। ब्रिटेन में रहने वाली रूथ हैंडलर नाम की महिला को बार्बी डॉल बनाने का आईडिया आया था। रूथ ने अपनी बेटी के लिए इस डॉल को तैयार किया था। इसका नाम भी रूथ ने अपनी बेटी बारबरा के नाम पर रखा। यह आइडिया इतना हिट हुआ कि उन्होंने अपनी मैटल कंपनी में बार्बी डॉल बनाकर इसे लॉन्च किया। मार्केट में जब 9 मार्च



1959 को पहली बार बार्बी डॉल लांच किया गया था। पहले ही साल में 3.5 लाख डॉल्स बिक गई थीं। बार्बी डॉल ने टॉय मार्केट को पूरी तरह से बदल दिया। बार्बी के डॉल ऐसे होते हैं, जो देखने में बहुत हद तक रियल लगते हैं। समय के साथ उसमें बदलाव किए जाते रहे।

बार्बी को लेकर दुनियाभर में इसकी दीवानगी कम नहीं हुई है। इस डॉल की कीमत सामान्य खिलौनों से ज्यादा होती है। इसके बाद भी लोग इसे खरीदने हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में अब तक 100 करोड़ बार्बी डॉल बिक चुकी हैं। हर 3 सेकेंड में एक बार्बी बिक रही होती है। सिर्फ बार्बी की ड्रेस पर 10 करोड़ मीटर कपड़ा खर्च हो चुका है। बार्बी की कहानी को ऐसे बुना गया है कि बच्चे इसे जिंदा कैरेक्टर मानने लगे। रंग-बिरंगे बाल, स्टालिशन ड्रेस, कमाल का फिगर... एक दौर तो ऐसा भी आया जब लड़कियों ने बार्बी डॉल जैसा फिगर पाने के लिए खाना-पीना छोड़ दिया था। दुनियाभर के 150 देशों में बार्बी डॉल बिकते हैं। खूबसूरत बार्बी कई बार विवादों में रही। अनरियलिस्टिक फिगर और कम वजन के चलते बार्बी विवादों में रहीं। बच्चे अपनी बार्बी के फिगर को ही आइडियल बॉडी शेप समझने लगे थे। कई लड़कियां ने तो बार्बी जैसा फिगर पाने के लिए खाना-पीना छोड़ दिया, जिसके बाद विवाद काफी बढ़ गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बार्बी की सबसे ज्यादा कमाई साल 2021 में 13909 करोड़ रुपये रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ जुड़ सकते हैं शेन वॉटसन

### पीसीबी कर रहा इस रोल पर विचार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** वर्ल्ड कप 2023 में शर्मनाक प्रदर्शन के बाद से बदलाव के दौर से गुजर रहा पाकिस्तान क्रिकेट अब एक और बदलाव का गवाह बन सकता है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बन सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी ने शेन वॉटसन को राष्ट्रीय




टीम के हेड कोच के लिए अपने प्रमुख दावेदारों में से एक बताया है।

**मिकी ऑर्थर के इस्तीफे के बाद से खाली है पद-** बता दें कि पाकिस्तान टीम के पास फिलहाल कोई हेड कोच नहीं है। वर्ल्ड कप 2023 में शर्मनाक प्रदर्शन करने के बाद पीसीबी ने मिकी ऑर्थर का इस्तीफा ले लिया था। इसके बाद बोर्ड ने मोहम्मद हफीज को अस्थाई हेड कोच नियुक्त किया था। मोहम्मद हफीज की नियुक्ति ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए हुई थी। पाकिस्तान का इन दोनों ही सीरीज में प्रदर्शन खराब रहा था।

# नीरज चोपड़ा ने सरकार के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन किया

### युवाओं के भविष्य पर कही यह बात

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इस




कार्यक्रम के तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा।

### भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने कहा कि यह स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मजबूत आधार होगा और इससे उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा, हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसमें (शिक्षा प्रणाली) बदलाव होना चाहिए ताकि खेल और शिक्षा दोनों के बीच संतुलन पैदा किया जा सके। यदि ऐसा होता है तो इससे हमारे देश में बड़ा बदलाव आएगा।



### आईसीसी टीम रैंकिंग: कप्तान रोहित शर्मा ने फिर रचा इतिहास

# तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 भारत

**धर्मशाला, एजेंसी।** धर्मशाला में इंग्लैंड को पारी और 64 रनों से रौंदने के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने न केवल आईसीसी के तीनों फॉर्मेट में नंबर वन की पोजीशन हासिल कर ली, बल्कि आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में भी टॉप स्थान पर कब्जा कर लिया है। ऐसा करने वाली टीम इंडिया पहली टीम बनी, जबकि रोहित शर्मा पहले कप्तान बने हैं। इससे पहले इसी 2023 फरवरी में भी भारत ने तीनों फॉर्मेट की रैंकिंग में नंबर वन पोजीशन हासिल की थी, जबकि रोहित शर्मा ऐसा करने वाले पहले कप्तान बने थे।

### टेस्ट रैंकिंग में टॉप-5 की लिस्ट में शामिल टीमें

| क्रम | टीम | मैच | पॉइंट | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 38 | 4636 | 122 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 37 | 4345 | 117 |
| 3 | इंग्लैंड | 49 | 5443 | 111 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 29 | 2939 | 101 |
| 5 | दक्षिण अफ्रीका | 27 | 2671 | 99 |

### वनडे टीम में टॉप-5 लिस्ट में शामिल टीमें

| क्रम | टीम | मैच | अंक | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 58 | 7020 | 121 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 45 | 5309 | 118 |
| 3 | दक्षिण अफ्रीका | 37 | 4062 | 110 |
| 4 | पाकिस्तान | 36 | 3922 | 109 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 46 | 4708 | 102 |

# पेरिस ओलंपिक में रेसलिंग का मेडल पक्का !

### ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हुए बजरंग पुनिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पुनिया से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, बजरंग पुनिया पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हो गए हैं. आज सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में ट्रायल का आयोजन होना है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बजरंग पुनिया सोनीपत पहुंच चुके हैं. पिछले दिनों रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को संस्पेंड कर दिया था. लेकिन अब एक बार फिर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को बहाल कर दिया गया है.

**सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी पहुंचे बजरंग पुनिया-** इससे पहले बजरंग पुनिया के पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के सवाल पर लगातार कयास लग रहे थे, लेकिन अब साफ हो गया है कि वह सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में आयोजित ट्रायल में हिस्सा ले रहे हैं।

### डब्ल्यूपीएल 2024 -

# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यहां अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 16वें मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम का नेतृत्व करते हुए नाबाद 95 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई और सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक जुटाकर प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। छह मैचों में पांचवीं हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स दो अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है।पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (35 गेंदों पर 66 रन) और दयालन हेमलता (40 गेंदों पर 74 रन) के धमाकेदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवरों में 190/7 का मजबूत स्कोर बनाया।जवाब में मुंबई इंडियंस 14वें ओवर में 98/3 पर गिर गई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने 30 से अधिक गेंदों में 75 रन बनाए।



मुंबई इंडियंस एक गेंद बाकी रहते 191/3 तक पहुंचने में सफल रही।मुंबई इंडियंस ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यास्तिका भाटिया (49) और हेले मैथ्यूज (18) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन मैथ्यूज तनुजा कंवर की गेंद पर स्नेह राणा के हाथों कैच आउट हो गए। नैट साइवर-ब्रंट भी जल्दी ही आउट हो गईं, उन्हें 57 के स्कोर पर शाहनाम एमडी की गेंद पर स्नेह राणा ने कैच कर लिया।यास्तिका और हरमनप्रीत ने स्कोर को 98 रन तक पहुंचाया। इससे पहले कि यास्तिका 49 रन पर एशले गार्डनर की गेंद पर कैच और बोल्ड हो गईं, उन्होंने 36 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाकर अपनी पारी खेली।हरमनप्रीत कौर ने मुंबई इंडियंस की उम्मीदें बरकरार रखीं व खुलकर रन बनाए और 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 22 गेंदों पर 50 रन जोड़े, जिसमें हरमन ने 36 रन और केर ने नौ रन जोड़े।मुंबई इंडियंस 18वें ओवर में 150 रन तक पहुंच गई और हरमनप्रीत कौर ने स्नेह राणा द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 24 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। जब 18 गेंदों पर 47 रनों की जरूरत थी, तब हरमनप्रीत कौर ने स्नेह की गेंद पर तीन चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने अगले ओवर में तजुना कंवर की गेंद पर छक्का लगाया, जिससे मुंबई इंडियंस का स्कोर 10 रन हो गया।आखिरी छह गेंदों पर 13 रनों की जरूरत थी, हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर को पहली गेंद पर छक्का और अगली गेंद पर एक छक्का लगाया, क्योंकि आखिरी चार गेंदों पर तीन रन के साथ वे 191 पर पहुंच गए।इससे पहले, मूनी और हेमलता ने दूसरे विकेट की साझेदारी के लिए 121 रन बनाए, जिसमें मूनी ने 66 (8×4, 3×6) और हेमलता ने 74 (9×4, 2×6) रन जोड़े। मूनी ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हेमलता ने 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सजीवन सजना की गेंद पर मूनी के बोल्ड होने से पहले उन्होंने स्कोर को 139 रन तक पहुंचाया। भारती फुलमाली ने 13 गेंदों में 21 रन बनाए और गुजरात जायंट्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।संक्षिप्त स्कोर ःगुजरात जायंट्स 20 ओवर में 190/7 (बेथ मूनी 66, दयालन हेमलता 74; सैका इशाक 2-31) 19.5 ओवर में 191/3 से हार गई (यास्तिका भाटिया 49, हरमनप्रीत कौर 95 नाबाद; एशले गार्डनर 1-22) सात से विकेट से।

# श्रीलंका ने 28 रन से जीता तीसरा टी-20

### बांग्लादेश को सीरीज 2-1 से हराई



- **नुवान थुषारा की हैट्रिक मेंडिस प्लेयर ऑफ द सीरीज**

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 28 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 टी-20 की सीरीज भी 2-1 के अंतर से जीत ली। श्रीलंका से नुवान थुषारा ने हैट्रिक लेने के साथ पारी में 5 विकेट लिए। उनकी ही टीम के कुसल मेंडिस प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। सिलहट में शनिवार को श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश टीम 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### कुसल मेंडिस ने दिलाई शानदार शुरुआत

शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। श्रीलंका ने 18 रन के स्कोर पर धनंजय डी सिल्वा का विकेट गंवा दिया। लेकिन ओपनर कुसल मेंडिस दूसरे एंड पर टिक गए। उन्होंने कमिंडु मेंडिस के साथ 34 रन और वनिंदू हसरंगा के साथ 59 रन की पार्टनरशिप की। श्रीलंका ने 111 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए, मेंडिस फिर भी टिके रहे। वह 17वें ओवर में 86 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि तब तक टीम का स्कोर 140 तक पहुंच चुका था।

### फ्रेंच ओपन

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में, इस साल तीसरी बार किसी खिताबी मुकाबले में बनाई जगह

**पेरिस, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्हें पहले खिताब की तलाश है और फ्रेंच ओपन में वह इस सूखे को खत्म करना चाहेंगे। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग



ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया।

**लक्ष्य सेन का अभियान समाप्त-** पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।सात्विक-चिराग ने बदला पूरा किया



### आईपीएल 2024 के लिए हो गई भविष्यवाणी !

# इरफान पठान ने बताया कौन सी टीम जीत सकती है ट्रॉफी

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के नेतृत्व में, ध्यान हमेशा रॉयल चैलेंजर बैंगलोर (आरसीबी) की बल्लेबाजी पर रहता है, लेकिन भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान का मानना है कि मौजूदा टीम की गेंदबाजी इकाई 22 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर टी20 लीग के 2024 संस्करण में आरसीबी को ट्रॉफी उठाने में मदद कर सकती है। आरसीबी आईपीएल 2024 के शुरुआती मुकाबले में चेन्नई के एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी। विशेष साक्षात्कार में, पूर्व क्रिकेटरों मैथ्यू हेडन और इरफान पठान ने आरसीबी और सीएसके पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगामी आईपीएल 2024 सीज़न पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, क्योंकि वे 22 मार्च को टूर्नामेंट के ओपनर में एक-दूसरे का सामना करेंगे। हेडन ने आरसीबी के साथ कोहली के नेतृत्व पर चर्चा की, टीम की बल्लेबाजी ताकत और अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने



में उनकी गेंदबाजी इकाई के महत्व पर प्रकाश डाला। इस बीच, पठान ने आरसीबी की संभावनाओं का विश्लेषण किया, टीम की बेहतर बल्लेबाजी लाइनअप और बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम जैसी सपाट पिचों पर उनके एक्सप्रेस तेज गेंदबाजों के संभावित प्रभाव पर जोर दिया। पठान ने कोहली के इस साल आरसीबी के साथ अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने की संभावनाओं पर बात की। अब जब उन्हें एक टीम मिल गई है, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, मुझे वास्तव में लगता है कि बल्लेबाजी अब लंबी हो गई है, जो कुछ समय पहले नहीं थी। और साथ ही, बहुत से लोग आरसीबी को मौका नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी गेंदबाजी वैसी नहीं है। मुझे भी लगता है कि गेंदबाजी बेहतर हो सकती थी, लेकिन उन्होंने जो किया है वह यह है कि उस पिच पर उनके पास एक्सप्रेस गति है। यदि आप चिन्नास्वामी की पिच जैसी सपाट पिचों पर लगातार 140+ गेंदबाजी कर सकते हैं, तो कभी-कभी यह काम कर सकता है।

# निजी जिंदगी में राजनीति से दूर रहना ही पसंद करता हूं: अमित सियाल



महारानी 3 वेब सीरीज महारानी 3 इन-दिनों सोनी लिव पर स्ट्रीम कर रही है. अभिनेता अमित सियाल, नवीन कुमार की भूमिका में एक बार फिर इस सीरीज में नजर आ रहे हैं. अमित की मानें तो बीते दोनों सीजनों के मुकाबले इस बार उनका किरदार सबसे ज़्यादा सशक्त है. अमित इस पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज को इस लिहाज से भी ख़ास मानते हैं कि निजी ज़िन्दगी में भी पॉलिटिकल जागरूकता इस सीरीज से बढ़ी है.

➲नए सीजन में सीरीज की कहानी और नवीन कुमार की भूमिका में आप क्या खास पाते हैं ?

नवीन कुमार मूल रूप से पिछले दो सीजनों का एक्सटेंशन है. किरदार का प्रोग्रेशन ही है. नवीन कुमार इस सीजन पिछले दोनों सीजनों के मुकाबले काफी पावरफुल है. इस सीजन हमने किरदारों के निजी जिंदगी को ज़्यादा एक्सप्लोर किया है. इस बार हमलोग थोड़ा घर में भी घुस गए हैं. सीरीज के ट्रीटमेंट की बात करूं तो इस बार मुझे लगा कि हमलोग स्केल वाइज थोड़ा ऊपर गए हैं. इस बार हमने और आराम से चीज़ों को एक्सप्लोर किया. पोलिटिकल जीवन के साथ-साथ निजी जीवन को जिस तरह से दिखाया है, वह भी मेटाफर के तौर पर भी इस्तेमाल किया गया है, जो सीरीज को एक अलग ही टच देता है.

➲एक ही किरदार को फिर से करने की क्या चुनौतियां होती है, किरदार को जहां छोड़ा था वहां से पकड़ना कितना मुश्किल होता है?

चक्कर ये है कि जब भी कोई नया सीजन लिखा जाता है, तो कुछ नया फेसेट किरदार का एक्सप्लोर किया जाता है. वो समझना होता है कि हम क्या दिखाने जा रहे हैं, इस किरदार में. जहां तक वापस से किरदार को वहीं से पकड़ने की बात है, जहां से छोड़ा था. उतनी मुश्किल नहीं होती है. शुरुआत से आपको पता ही होता है कि वह कैसे सोचता है. क्या करता है, तो मुश्किल कुछ नहीं आयी. एक नयी स्क्रिप्ट है. एक नया फेसेट उसके जीवन का किरदारों का पता चलना चाहिए. उसको एक्सप्लोर करने में फिर और मज़ा आता है. वो सारी चीज़ें आपने पहले एक्सप्लोर नहीं की होती है. यह एक ज़िन्दगी की तरह ही तो है, आज हमारी लाइफ में जो है आज है. कल क्या होगा किसी को पता नहीं है, तो कल का एक्सप्लोरेशन अपने आप में बहुत मज़ेदार चीज़ है.

➲आपके अब तक की जर्नी में महारानी का क्या योगदान रहा है?

बहुत बड़ा योगदान है. मैंने काफी अच्छे-अच्छे किरदार किये हैं, लेकिन नवीन कुमार के लिए मैं बहुत आसानी से बोल सकता हूं कि इस कैरेक्टर की जो डेप्थ है. एक बहुत ही अलग दुनिया थी. पॉलिटिकल भाषा का प्रयोग करना. पॉलिटिकल तरीके से सोचना. जितने भी मेन्यूपुलेशन होते हैं. पॉलिटिकल दुश्मनियां होती हैं. उन सब चीज़ों को समझना. बहुत ही पॉलिटिकल सेंटर्ड देश है अपना, तो इधर उधर के खबरों से भी पता चलता रहता है कि किस तरह का पॉलिटिकल जीवन होता है. इस सीरीज ने मुझे पॉलिटिकली जागरूक बनाया है.

➲हमारे देश में सभी का पॉलिटिकल व्यू जरूर होता है, लेकिन एक्टर्स हमेशा इसको जाहिर करने से बचना चाहते हैं ?

पॉलिटिक्स में ना चाहते हुए भी सभी जुड़ ही जाते हैं, क्योंकि चारों तरफ वही चल रहा है और कुछ सालों से हमारे देश की जो पॉलीटिकल स्थिति है, वो बहुत ही ज़्यादा एनर्जेटिक है. रोज कुछ ना कुछ बदलता रहता है. इसके साथ ही सोशल मीडिया के बम भी सब पर फोड़ा जाता है. ना चाहते भी आप इससे जुड़ जाते है. इसके बावजूद मैं यही कहूंगा कि जिस भी काम में हम नहीं होते हैं, वो काम हमें लगता है कि ऐसे होना चाहिए. वैसे होना चाहिए. अच्छे बुरे हमारे सारे ओपिनियन जल्दी ङ्क जल्दी आने लगते हैं हम लोगों को अंदर की चीज़ें उतनी पता नहीं होती है, जितना हम उसपर राय बनाने लगते हैं. निजी तौर पर मैं किसी भी पॉलिटिकल जजमेंट और स्टेटमेंट प्रभावित नहीं होना चाहता हूँ.

➲आप शो में राजनेता की भूमिका में हैं, निजी जिंदगी में भी राजनीति से जुड़ने की ख्वाहिश है क्या?

मैंने इस शो के जरिये पॉलिटिक्स को थोड़ा बहुत जाना है, पहले मेरा थोड़ा भी जुड़ाव नहीं रहता था. अब मैंने जो भी जाना है, उससे मुझे लगता है कि बहुत ही ज़्यादा ये कठिन काम है, क्योंकि आप सुबह यही सोचते हुए उठते हो और सोते भी यही सोचते हुए हो. आपके दिमाग में ये चलता रहता है. अगर आप इसके बारे में विचार नहीं करोगे, तो आप राजनीति के मुकाबले में कहीं पीछे छूट जाओगे. मुझे तो पॉलिटिशियन बनना बहुत ही मुश्किल काम लगता है.

➲महारानी 3 के कलाकारों के साथ आपकी ऑफ स्क्रीन बॉन्डिंग कैसी है ?

पहले सीजन में हम किरदार को उस वक्त जान रहे थे, तो थोड़ा बातचीत कम ही होता था लेकिन वक्त के साथ फिर आप परिवार बन जाते हैं, तो सभी लोग एक दूसरे के बारे में सभी कुछ जानते हैं.

➲तीनों सीजन में से आपके लिये सबसे मुश्किल कौन दृश्य रहा है ?

सच कहूं तो मैं काम करता हूं और फिर भूल जाता हूं. कई बार फैंस मुझे मेरी किसी वेब सीरीज का डायलॉग बोलने को कहते हैं, लेकिन मैं वो भी नहीं बोल पाता हूं. नेक्स्ट क्या है उसमें चला जाता हूं. जो मैंने कर लिया फिर उसके बारे में नहीं सोचता हूं.

➲क्या तीसरे सीजन के सफलता का दबाव है ?

मैं ये सब प्रेशर नहीं लेता हूं. मेरा काम एक्टिंग का है. मैंने उसमें 100 प्रतिशत दिया है. सीरीज का यह सीजन कामयाब होगा या नहीं ये सवाल निर्माता निर्देशक से पूछा जाना चाहिए.

➲आपकी इमेज इंटेंस या ग्रे किरदारों की रही हैं, आनेवाले समय में कुछ नया एक्सप्लोर करने वाले हैं ?

हां मैंने दो फिल्में की है, जिसमें मैंने कॉमेडी की है. जल्द ही वह रिलीज होगी तो लोगों को मेरी कॉमिक टाइमिंग का भी पता चल जाएगा.

➲आनेवाले प्रोजेक्ट

धर्मा के साथ एक फिल्म की है ,जिसमें अक्षय कुमार भी हैं. अजय देवगन के साथ रेड 2 कर रहा हूं. एक इंडिपेंडेंट फिल्म तिकड़म है, जिसका मुझे बेसब्री से इंतज़ार है. नागेश कुकुनूर के साथ एक वेब सीरीज भी है.



## सनकी में पूजा हेगड़े के साथ

# रोमांस करते दिखेंगे अहान शेट्टी



बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्म सनकी में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म सनकी की घोषणा की और स्टारकास्ट को दिखाया। उन्होंने कहा, वैलेंटाइन डे ( 14 फरवरी 2025 ) पर फिल्म सनकी रिलीज होगी। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सनकी में अहान शेट्टी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। रजत अरोरा द्वारा लिखित इस फिल्म को अदनान ए. शेख और यासिर जाह निर्देशित करेंगे। बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने एक्शन रोमांस फिल्म तड़प से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म में तारा सुतारिया ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसका निर्देशन मिलन लूथरिया ने किया था और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस की थी। वहीं, एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हिंदी, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साक्ष्यम, हाउसफुल 4, अला वैकुंठपुरमलो, बीस्ट, आचार्य, सर्कस और हाल ही में किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्में की हैं।

# धनुष की अगली फिल्म कुबेर



धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म का नाम अब कुबेर रखा गया है। फिल्म निर्माताओं ने महा शिवरात्रि पर फिल्म का शीर्षक और फिल्म से धनुष का पहला लुक जारी किया। कुबेर को सबसे अमीर देवता के रूप में जाना जाता है और शेखर की तुलना धनुष से की जाती है,

## नितेश तिवारी की रामायण से कटा

# विजय सेतुपति का पत्ता ये सितारा निभाएगा विभीषण का किरदार!



नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली आगामी फिल्म रामायण बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। इस फिल्म में एनिम स्टार रणबीर कपूर, राम की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में रणबीर, साईं पल्लवी और यश क्रमशः राम, सीता और रावण की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें थीं कि रावण के छोटे भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए साउथ अभिनेता विजय सेतुपति को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अब इस किरदार को लेकर आया नया रिपोर्ट फैंस का उत्साह बढ़ाने वाला है।

### रामायण से विजय सेतुपति की छुट्टी?

पहले रिपोर्ट्स थीं कि विजय सेतुपति फिल्म रामायण में विभीषण की भूमिका में नजर आ सकते हैं। खबर के अनुसार, नितेश और विजय के बीच चर्चा चल रही थी, जिसमें विजय के रावण के भाई विभीषण का किरदार निभाने का अनुमान लगाया जा रहा था।

जानकारी थी कि नितेश तिवारी ने हाल ही में फिल्म की कहानी पर चर्चा करने के लिए विजय के साथ एक बैठक की थी। हालांकि, अब विभीषण के किरदार के लिए किसी अन्य अभिनेता का नाम सामने आ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

## टूट गया भारत का सपना

# चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा बनीं मिस वर्ल्ड



मिस वर्ल्ड का खिताब चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा ने अपने नाम कर लिया है। भारत की सिनी शेट्टी का सपना टूट गया है और उनके साथ करोड़ों भारतीय भी मायूस हैं। सिनी शेट्टी ने टॉप 8 तक अपनी जगह बना ली थी, सभी मानकर चल रहे थे कि इस बार ये खिताब भारत आने वाला है, लेकिन जब टॉप 4 का ऐलान किया गया, सिनी पिछड़ गईं और वे ये खिताब नहीं जीत पाईं।

अब क्रिस्टीना ने तो ये खिताब अपने नाम किया है, वहीं लेबनान की यास्मीना फर्स्ट रनरअप बनी हैं। वे भी जीतने की दौड़ में काफी आगे चल रही थीं और क्रिस्टीना को सबसे कड़ी टक्कर भी उनसे ही मिली। लेकिन अंत में जूरी ने क्रिस्टीना के पक्ष में फैसला सुनाया और चेक रिपब्लिक की मॉडल ने इतिहास रच दिया। वैसे पिछली बार भी मिस वर्ल्ड का खिताब भारत आने से चूक गया था। तब पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने वो ताज पहना था। इस बार के मिस वर्ल्ड में कुल 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कई राउंड हुए थे, कई मुश्किल सवाल हुए थे, कई तरह की चुनौतियों से पार पाना था, लेकिन अंत में चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा ने स्वर्णिम अक्षरों से अपना नाम लिखवाया और मिस वर्ल्ड का ताज भी उनके साथ गया। वैसे मिस वर्ल्ड का ताज कुल 6 बार भारत भी आया है।

सबसे पहले 1966 में रीता फारिया ने ये खिताब जीता था, फिर 1994 में ऐश्वर्या राय भी मिस वर्ल्ड बनीं। इसके बाद 1997 में डायना हेडन ने भी अपना नाम इतिहास में लिखवाया। 1999 में फिर भारत का ही जलवा रहा और युक्ता मुखी मिस वर्ल्ड बनीं। अगले ही साल 2000 में प्रियंका चोपड़ा ने भी मिस वर्ल्ड अपने नाम किया और फिर बॉलीवुड और हॉलीवुड की बड़ी स्टार बन गईं। 17 साल बाद 2017 में मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड फिर भारत लाने का काम किया।

## इन अभिनेत्रियों को

# अपनी प्रेरणा मानती हैं आलिया भट्ट



आलिया भट्ट इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। आलिया अपनी फिल्मों के चलते अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। आलिया ने हाल ही में बताया कि वह ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को अपनी प्रेरणा मानती हैं। फोर्ब्स के कार्यक्रम में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह उन तीनों की दिल से प्रशंसा करती हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्मों के बारे में बात करते हुए कहा कि इसकी कहानियां सबसे आगे होनी चाहिए न कि व्यक्ति की लोकप्रियता। आलिया ने कहा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने काफी अच्छा किया है। इसके चलते वे मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण ये ऐसे कलाकार हैं, जो मेरी दोस्त भी हैं। साथ ही मैं इनकी पूरे दिल से प्रशंसा करती हूं। इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से मेरा मार्गदर्शन किया है।



# अपने पति और बच्चों के साथ सऊदी अरब पहुंची नयनतारा

जवान फिल्म में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली साउथ सुपरस्टार नयनतारा अपने परिवार के साथ सउदी अरब पहुंची हैं। अभिनेत्री अपने पति विग्नेश शिवन और बच्चे, उइर और उलाग के साथ रेसिंग कार्यक्रम में शामिल होने सउदी अरब पहुंची।

इवेंट से पहले नयनतारा और विग्नेश शिवन ने एक साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताया। इससे पहले नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें वो अपने पति के प्रति अपना आभार प्रकट करती हुई नजर आ रही थीं। अपने पति विग्नेश को टैग करते हुए अभिनेत्री ने लिखा÷आज मैं जिस तरह की महिला हूं, वैसी महिला बनाने के लिए आपका दिल से शुक्रिया। इसके अलावा उन्होंने अपने पति से अलग होने को लेकर उठी सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनके और उनके पति के बीच सबकुछ ठीक है। इससे पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया था, जिसे पढ़ने के बाद उसके प्रशंसक घबरा गए थे। दरअसल, उन्होंने अपने संदेश में लिखा था, वह अपनी आंखों में आंसू होने पर भी हमेशा यही कहेगी मुझे यह मिल गया। बता दें कि यह संदेश उन्होंने ऐसे वक्त में लिखा था, जब उन्होंने अपने पति को अनफॉलो कर दिया था। एक यूजर ने लिस्ट साझा किया था जिसमें नयनतारा द्वारा फॉलो किए गए लोगों के नाम दर्ज थे, लेकिन उस सूची में उनके पति का नाम शामिल नहीं था, जिसके बाद यह चर्चा शुरू हो गई कि दोनों अलग होने जा रहे हैं, लेकिन अब एक्ट्रेस ने खुद इस पर अपनी प्रतिक्रिया देकर सभी चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया है।

# नहीं रही एडल्ट स्टार सोफिया लियोनी, 26 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



जानी-मानी एडल्ट स्टार सोफिया लियोनी अब हमारे बीच नहीं रही है। सोफिया का 26 की उम्र में निधन हो गया है। एडल्ट स्टार अपने अपार्टमेंट में मृत पाई गईं। सोफिया के सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनकी मौत की पुष्टि की है। पिता ने कहा- उसकी मां और परिवार की ओर से भारी मन से मुझे हमारी प्यारी सोफिया के निधन की खबर साझा करनी पड़ रही है। सोफिया की अचानक मौत ने उनके परिवार और दोस्तों को अंदर से झकझोर दिया है। 1 मार्च को सोफिया अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। मौत के कारणों की स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। उसे घूमने का शौक था और वह हमेशा अपने आस-पास के सभी लोगों को खुश रखने के तरीके ढूंढती थी। बता दें सोफिया का जन्म 1997 में अमेरिका के मियामी में हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने 18 साल की उम्र में एडल्ट इंडस्ट्री में कदम रखा था। बताया जाता है कि उनकी कुल संपत्ति 10 लाख डॉलर है। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 लाख फॉलोअर्स हैं।

# वर्ष की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर बनी शैतान

अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर हॉरर फिल्म शैतान 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। निर्देशक विकास बहल ने पहली बार किसी हॉरर फिल्म को निर्देशित किया है। अजय और माधवन की इस हॉरर फिल्म को लेकर लंबे समय से बज बना हुआ था।

फिल्म में आर माधवन के अभिनय ने दर्शकों को हैरान किया है। शैतान की कहानी को दर्शकों और फिल्म क्रिटिक्स के बेहतरीन रिव्यू मिले हैं। शैतान ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमानी शुरू कर दी है। अजय देवगन और आर माधवन की शैतान की कहानी दर्शकों को डराने में कामयाब साबित हुई। फिल्म में माधवन शैतान का निगेटिव रोल प्ले कर रहे हैं।

फिल्म की कहानी कई जगहों पर आपको बेहद डराएगी तो कई जगहों पर आपको ऐसा लगेगा कि इस सीन की शायद फिल्म में जरूरत ही नहीं थी। इसे जबरदस्ती डाला गया है या न हो तो काम चल जाता। फिल्म ने एडवांस बुकिंग के साथ ही अपना जलवा दिखाया शुरू कर दिया था। ऐसे में इसने ओपनिंग कलेक्शन से हर किसी को हैरान किया है। फाइनल आंकड़ों के लिए आपको थोड़ा इंतजार करना हो। उम्मीद है कि फाइनल आंकड़े बेहतर होंगे। इस साल कई बड़ी फिल्मों ने पर्दे पर दस्तक दी है। यह सही है कि शैतान ने अपने विषय के लिहाज से तगड़ी ओपनिंग की है।

हॉरर फिल्मों को अमूमन शुरूआत से ही कम दर्शक मिलते हैं। अपने पहले दिन के कारोबार के लिहाज से शैतान इस वर्ष की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बन गई है। इससे पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर ने ओपनिंग डे पर 24.60 करोड़ की शानदार कमाई के साथ हर किसी को हैरान किया था। वहीं, ठीक अगले दिन इसकी कमाई में काफी उछाल देखने को मिला था। वहीं, शैतान ने पहले दिन 14.50 करोड़ रुपये कमाते हुए तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और आर्टिकल 370 को पीछे छोड़ दिया। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने ओपनिंग डे पर 6.7 वहीं आर्टिकल 370 ने 5.9 करोड़ का कलेक्शन किया था।

